आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 152 ● कटनी ● सोमवार, 4 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## लालू यादव की हालत बिगड़ी

**पटना,एजेंसी।** बिहार के पूर्व सीएम व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को आज सुबह चार बजे पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को वे अपने पटना स्थित घर में संतुलन बिगड़ने से गिर गए थे। उसके बाद से उनकी हालत बिगड़ गई थी। गिरने के कारण लालू प्रसाद यादव के कंधे की हड्डी में मामूली फैक्चर आ गया था।



## हिमाचल के कुल्लू में भीषण हादसा

# स्कूली बच्चों समेत 16 की मौत

## 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस



**कुल्लू ,एजेंसी।** हिमाचल के कुल्लू में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। सैंज घाटी में यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में कम से कम 6 स्कूली बच्चे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें कई की स्थिति बेहद नाजुक है। पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हादसे पर दुख जाहिर करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हादसे का कारण क्या है। कुल्लू में पिछले दो दिनों से बहुत अधिक बारिश हुई है। मौसम बेहद खराब है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे कुल्लू जिले में निओली-शंशेर रोड पर पर सैंज घाटी के जंगला इलाके में निजी बस चालक के कंट्रोल से बाहर होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। बस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटनास्थल जिला हेडक्वॉर्टर से करीब 65 किलोमीटर दूर है। एक दर्जन से अधिक लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### भुवनेश्वर में बस में आग लगने से 4 घायल

भुवनेश्वर,एजेंसी । बारामुंडा बस स्टैंड के पास सोमवार सुबह एक प्राइवेट बस में आग लगने से चार यात्री घायल हो गए। फुलबनी से भुवनेश्वर जा रही बस बारामुंडा ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर एक पुलिया से टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मणिपुर भूस्खलन

# अब तक 42 शव निकाले



गुवाहाटी/इंफाल,एजेंसी। मणिपुर के नोनी जिले में रेलवे निर्माण स्थल पर भूस्खलन के कारण मारे गए 8 और लोगों के शव बरामद किये गए, जिसके बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 42 हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि और लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है।उन्होंने कहा कि टुपुल क्षेत्र में शनिवार से बारिश हो रही है और ताजा भूस्खलन से अभियान प्रभावित हुआ है। गुवाहाटी में एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि अब तक मलबे से 42 शव बरामद किये गए हैं, जिसमें से 24 प्रादेशिक सेना के कर्मी हैं। उन्होंने कहा कि प्रादेशिक सेना के छह लापता कर्मियों और 19 अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास जारी है। सेना, असम राइफल्स, प्रादेशिक सेना, एसडीआरएफ और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तलाश अभियान में जुटे हैं।



# शक्ति परीक्षण में शिंदे उम्मीद से ज्यादा 164 नंबरों से पास

## कांग्रेस-उद्धव संग ही हो गया खेल, 1 बागी, 8 रहे लेट

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित कर दिया है। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुकाबले शिंदे सेना ने सत्ता के फाइनल में भी जीत हासिल कर ली है। एकनाथ शिंदे सरकार ने दूसरी परीक्षा भी पास कर ली है। कुल 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान शिंदे के पक्ष में वोट डाला है। वहीं महाविकास अघाड़ी के लिए एक और झटके की खबर है। अघाड़ी के पांच विधायक बहुमत परीक्षण से गैरहाजिर हैं। इसमें से कांग्रेस के तीन विधायक हैं, जिनमें अशोक चव्हाण का नाम शामिल है। इसके अलावा अघाड़ी के दो अन्य विधायक भी वोटिंग में नदारद हैं। इससे पहले रविवार को स्पीकर के चुनाव में भी भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के प्रत्याशी राहुल नार्वेकर भी इतने ही वोट हासिल करके जीते थे। शिवसेना के महज 15 विधायकों ने ही पार्टी की व्हिप के आधार पर सरकार के खिलाफ वोट डाला, जबकि 40 विधायकों ने शिंदे सरकार के समर्थन में मतदान किया। यही नहीं इस दौरान उद्धव ठाकरे की शिवसेना पहले से भी कमजोर नजर आई। उनके समर्थक रहे विधायक संतोष बांगड़ और श्याम सुंदर शिंदे भी सोमवार को एकनाथ शिंदे सरकार के पक्ष में दिखाई दिए। स्पीकर ने पहले ध्वनिमत से वोटिंग का प्रयास किया था, लेकिन इस पर विपक्ष ने ऐतराज जताया था। इस पर स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दोनों पक्षों के विधायकों को सीट पर ही खड़ा कराया और फिर विधानसभा के कर्मचारियों ने उनके पास जाकर मत लिया और उसके आधार पर ही फैसला लिया। इस दौरान एक दिलचस्प नजारा भी विधानसभा में देखने को मिला। बागी विधायक प्रताप सरनाइक ने जब एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में मतदान किया तो उद्धव ठाकरे समर्थक शिवसेना विधायकों ने ईडी-ईडी के नारे लगाए।

### शिंदे गुट ने सील किया शिवसेना का दफ्तर

इससे पहले रविवार को स्पीकर के चुनाव में एकनाथ शिंदे सरकार की ओर से घोषित प्रत्याशी राहुल नार्वेकर को 164 वोट हासिल हुए थे। भाजपा के पहली बार के विधायक राहुल नार्वेकर को एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों, भाजपा और कुछ निर्दलीय विधायकों ने समर्थन दिया था।



## हार से गुस्साए पूर्व सरपंच ने खुदवा दी

# ट्रैक्टर से गांव की सड़क

### पिछली बार चुनाव जीतने के बाद अपनी जमीन पर बनवाई थी

**रीवा,एजेंसी।** रीवा जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां सरपंच चुनाव में मिली हार के बाद एक प्रत्याशी इस कदर बौखलाया कि उसने रिजल्ट आने के बाद गांव में बनी सड़क को ट्रैक्टर से खुदवा दिया। हारे हुए प्रत्याशी की इस हरकत के कारण ग्रामीणों में खासी नाराजगी है और उन्होंने पुलिस में मामले की शिकायत की है।सरपंच का चुनाव हारने पर गांव की सड़क खुदवाने का यह मामला रीवा जिले की गंगेव जनपद के अहिरवार गांव का है। जहां पूर्व सरपंच चंदनमणि त्रिपाठी ने पंचायत चुनाव में मिली हार के बाद गांव की सड़क को ही ट्रैक्टर से खुदवा दिया। जानकारी के मुताबिक, चंदनमणि त्रिपाठी पिछली पंचवर्षीय में गांव के सरपंच बने थे, तब उन्होंने सरपंच चुनाव जीतने के बाद गांव तक पहुंचने के लिए सड़क बनवाई थी। सात साल बाद जब इस बार चुनाव हुए तो फिर से चंदनमणि त्रिपाठी ने सरपंच पद के लिए उम्मीदवारी की थी लेकिन वह चुनाव जीत नहीं पाए।हार मिलने से गुस्साए चंदनमणि ने सड़क को ट्रैक्टर से खुदवा दिया। जब ग्रामीणों को इस बात का पता चला तो खुदी हुई सड़क पर पूरा गांव जमा हो गया और विरोध किया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे और फरियाद लगाई। जिस पर पुलिस ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और ग्रामीणों किसी तरह समझाइश देकर शांत कराया। अफसर बोले- अपने पट्टे की जमीन पर त्रिपाठी ने बनवाई थी सड़क- मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से यह भी कहा है कि चुनाव में हार-जीत के कारण संबंध खराब न करें। अधिकारियों ने बतायाकि पूर्व सरपंच द्वारा सड़क का निर्माण अपने पट्टे की जमीन पर कराया गया था। लेकिन लोगों का कहना है कि उक्त सड़क में शासकीय योजना के तहत भी काम कराया गया था।

# बिजली गिरने से 3 मौतें, बाढ़ में फंसे 100 लोग

## सागर के घरों में 3 फीट तक पानी भरा, दीवारें गिरीं



**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में जोरदार बारिश हो रही है। भिंड के दबोह में बिजली गिरने से चमेली कुशवाहा (40) की मौत हो गई। टीकमगढ़ और दमोह में भी गाज गिरने से एक-एक मौत हुई है। सागर में घरों में 3-3 फीट तक पानी भर गया। कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। बुरहानपुर के निंबोला में रविवार को 1 घंटे की बारिश में उतावली नदी में बाढ़ आने से निंबोला-खामला रोड की पुलिया डूब गई। पुलिया के दोनों तरफ 2 घंटे तक 100 से ज्यादा लोग फंसे रहे। पानी उतरने के बाद लोग यहां से निकल सके। इस रोड पर उतावली नदी की पुलिया सिर्फ चार फीट ऊंची है। ग्रामीणों ने बताया यह जंगल क्षेत्र है। रात में यहां फंसने पर जंगली जानवरों का खतरा रहता है।मूसलाधार बारिश कराने वाले तीन सिस्टम एक्टिव हो गए हैं। ओडिशा में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह आज पूरी तरह एक्टिव हो जाएगा। दक्षिणी झारखंड में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इन तीनों वजह से अगले चार से पांच दिन जबलपुर,भोपाल, इंदौर समेत दूसरे शहरों में अगले चार दिन बारिश होती रहेगी।भोपाल में सुबह पानी गिरा। रात में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। खंडवा, अशोकनगर, सागर, छिंदवाड़ा, खंडवा, रायसेन और ग्वालियर भी तर हो गए। मौसम विभाग ने भोपाल, नर्मदापुरम समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सोमवार को प्रदेश के कई शहरों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, खंडवा, सागर, दमोह, हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम में भारी बारिश हो सकती है।बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी मंडला, जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, डिंडोरी, शहडोल, अनूपपुर और उमरिया में अति भारी बारिश हो सकती है।



## कर्नाटक की सिनी शेट्टी बनीं फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2022

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कर्नाटक की सिनी शेट्टी फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2022 की विजेता बनी हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए फेमिना मिस इंडिया कॉम्पटीशन के ग्रैंड फिनाले में राजस्थान की रूबल शेखावत फर्स्ट रनर-अप रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की शिनाता चौहान सेकेंड रनर-अप रहीं। इस इवेंट में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया, मलाइका अरोड़ा, एक्टर डिनो मोरिया, डिसाइनर्स रोहित गांधी और राहुल खन्ना, कोरियोग्राफर श्यामक डावर और क्रिकेटर मिताली राज ज्यूरी पैनल का हिस्सा थे।

# मप्र में आज शाम थमेगा शहर का चुनावी शोर

## 133 निकायों में पहले चरण में 6 जुलाई को वोटिंग

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के शहरों का चुनावी शोर सोमवार शाम से थम जाएगा। कुल 133 नगरीय निकायों में 6 जुलाई को पहले चरण के चुनाव की वोटिंग होगी। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर समेत कुल 11 नगर निगम भी शामिल हैं। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ प्रचार नहीं होगा। 5 जुलाई की सुबह से मतदान दल पोलिंग बूथ के लिए रवाना किए जाएंगे। सोमवार की शाम 5 बजे तक प्रचार होगा। इसके बाद ढोल-ढमाकों के साथ प्रचार प्रतिबंधित हो जाएगा, तो नेताओं की सभाएं, रैली या जुलूस भी नहीं निकाले जा सकेंगे। इसलिए प्रचार के आखिरी दिन क्ष्छक्क-कांग्रेस से लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां ताकत झोंक देंगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत बड़े नेताओं की सभाएं होंगी। मतदान के 48 घंटे पहले शराब बिक्री भी बंद हो जाएगी।




### जबलपुर, भोपाल-इंदौर समेत 11 निगम भी शामिल

### पहले चरण में यहां चुनाव

11 नगर निगम - भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, सागर, सिंगरौली, सतना। 36 नगर पालिका - राजगढ़, ब्यावरा, सीहोर, विदिशा, गंजबासौदा, डबरा, गुना, अशोकनगर, दतिया, पनागर, सिहोरा, अमरवाड़ा, सिवनी, वारा सिवनी, नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, बड़नगर, नीमच, शाजापुर, मंदसौर, सागर, मकरोनिया बुजुर्ग, रहली, छतरपुर, दमोह, पन्ना, इटारसी, बैतूल, आमला, हरदा, उमरिया, श्योपुर, पोरसा, अंबाह इनके अलावा 86 नगर परिषद भी शामिल हैं।

# BSNL ने यूजर्स को दिया तगड़ा झटका

## महंगे हो गए ये सस्ते रिचार्ज प्लान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** BSNL ने यूजर्स को तगड़ा झटका दिया है। कंपनी ने चुपचाप अपने कुछ प्रीपेड प्लान्स को महंगा कर दिया है। महंगे किए गए प्लान 320 रुपये से कम की कीमत में आते हैं। टेलिकॉम टॉक की रिपोर्ट के अनुसार बीएसएनएल ने प्लान्स की कीमत को न बढ़ाते हुए उनकी वैलिडिटी को कम कर दिया है। वैलिडिटी कम करने से प्लान के डेली यूसेज चार्ज में 65 पैसे से लेकर 1.60 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि बीएसएनएल के प्लान इनडायरेक्टली पहले से महंगे हो गए हैं। जिन प्लान में कंपनी ने बदलाव किया है वे 99 रुपये, 118 रुपये और 319 रुपये के हैं। आइए जानते हैं डीटेल। 99 रुपये वाले प्लान में कंपनी शुरुआत में 22 दिन की वैलिडिटी ऑफर करती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अगर अब आप इस प्लान को सब्सक्राइब करेंगे तो आपको 22 दिन की बजाय 18 दिन की ही वैलिडिटी मिलेगी। राहत की बात यह है कि इसमें कंपनी पहले की तरह अभी भी अनलिमिटेड कॉलिंग बेनिफिट दे रही है।



## आशिक के साथ मिलकर रेता पति का गला

# रोते हुए दमोह के थाने पहुंची पत्नी, बोली- वो लापता हो गए, मोबाइल ने खोला राज

**दमोह,यशभारत।** दमोह जिले के पथरिया के मिर्जापुर गांव में एक महिला ने अपने आशिक के साथ मिलकर गला रेतकर पति की निर्मम हत्या कर दी। दोनों का पिछले चार साल से अफेयर है। आरोपी महिला के पति का जिगरी दोस्त भी था। हत्या के बाद महिला रोते हुए पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गई। पुलिस ने कॉल डिटेल खंगाली तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि 28 जून को मिर्जापुर गांव में रहने वाली सावित्री पटेल (36) थाने पहुंची। उसने पुलिस से कहा, पति बल्लू पटेल (37) रात से घर नहीं आया है। पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान दोपहर में खेत पर बल्लू का शव मिला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस हत्याकांड का खुलासा 3 जुलाई को हुआ। मृतक की पत्नी से पूछताछ पर पुलिस को गुमराह करने के लिए वह बार-बार बयान बदलती रही। इससे पुलिस को शक हुआ। इस आधार पर पुलिस ने उसके कॉल डिटेल निकलवाए। पता चला कि सावित्री किसी हल्ले रैकवार (37) से लगातार बात करती है। घटना वाले दिन भी उनकी बात हुई है। पता चला कि वह बल्लू पटेल का ही जिगरी दोस्त है। पुलिस ने दोनों के अलग-अलग बयान लिए। सख्ती करने पर हल्ले ने वारदात कबूल कर ली। सावित्री ने पुलिस को बताया उसे तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा 9 साल का है। बल्लू पेशे से किसान था। वह शराब का आदी था। नशे में धुत होकर वह आए दिन उससे और बच्चों के साथ मारपीट करता था। इससे वह परेशान हो चुकी थी। हल्ले और बल्लू जिगरी दोस्त थे। इस कारण उसका घर आना-जाना था। इसी दौरान उसका अफेयर हल्ले के साथ हो गया। चार साल से उनके बीच संबंध थे।सावित्री और हल्ले साथ रहकर घर बसाना चाहते थे। इस बीच बल्लू रोड़ा बन रहा था, जबकि बल्लू को इसकी भनक तक नहीं थी। इसके बाद दोनों ने बल्लू को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची। 28 जून को बल्लू का गांव के किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था। वह रिश्तेदार की शादी में गया था। पत्नी ने प्रेमी को ये जानकारी दी। इसके बाद हल्ले ने देर रात बल्लू को फोन कर खेत पर बुलाया। यहां दोनों ने शराब पी। इसके बाद बल्लू सो गया। हल्ले ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। SDOP आरपी रावत ने बताया कि मामले में सावित्री और हल्ले को आरोपी बनाया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।



# डेनमार्क के शॉपिंग मॉल में फायरिंग, 3 की मौत

## कई घायल, टेक्सास में भी गोलीबारी, दो लोग मारे गए

**कोपेनहेगन,एजेंसी।** डेनमार्क के कोपनहेगन शहर के एक शॉपिंग मॉल में रविवार देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग में 3 लोगों के मारे जाने की खबर है, कई लोग घायल हुए हैं। इनमें तीन लोगों की हालत नाजुक है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, इस मामले में एक 22 साल के डैनिश युवक को गिरफ्तार किया गया है।। इधर, अमेरिका के टेक्सास के हॉल्टोम सिटी में गोलीबारी में दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। इस गोलीबारी में तीन अधिकारियों सहित चार अन्य लोग घायल भी हुए थे। कोपेनहेगन पुलिस ऑपरेशन यूनिट के प्रमुख सोरेन थॉमसन ने बताया कि घटना के पीछे आतंकी मंसूबे की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता।



# कोरोना से भयभीत होने की नहीं सावधान रहने की जरूरत


**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। फिर भी तीन लहर देख चुके लोगों को जैसे कोरोना से कोई डर ही नहीं है। रविवार को जबलपुर में कोरोना के फिर 10 नए मरीजों की पहचान हुई। इसके बाद भी लोग लापरवाह बने हुए हैं। भीड़भाड़ वाली जगह में भी कोई मास्क नहीं लगा रहा है। शहर के बड़े शापिंग मॉल्स ,बाजारों में मास्क और सैनिटाइजर को लेकर कोई रोक-टोक नहीं है। स्कूल खुल गए हैं। 12 साल से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण भी नहीं हुआ है। इसके बाद भी मास्क लगाने को लेकर कोई बाध्यता नहीं है। यह हाल ज्यादातर स्कूलों का है । बीते 32 दिन (एक जून से तीन दो जुलाई) में कोरोना के 152 मरीज सामने आए जिसमें तीन की मौत हो गई। 50 से ज्यादा कोरोना संक्रमित होम व संस्थागत आइसोलेशन में उपचार करवा रहे हैं। खास बात यह है कि इस अवधि में कोरोना की संक्रमण दर दो प्रतिशत के करीब रही। कोरोना की पहली लहर में 152 मरीज तक पहुंचने में 71 दिन लगे थे।



अनुमान लगाया जा सकता है कि तीसरी लहर के बाद कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह हालात तब हैं जब स्वास्थ्य विभाग सैंपलिंग पर ध्यान नहीं दे रहा है। कोरोना की तीसरी लहर में जब रोजाना एक-दो मरीज मिल रहे थे, तब स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच हजार से ज्यादा सैंपलिंग कराई जा रही थी। इधर, 32 दिन में सिर्फ 7 हजार 928 सैंपल लिए गए। चिकित्सकों का कहना है कि बरसात के मौसम में ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। जून के पहले सप्ताह के मुकाबले उक्त अवधि में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या सात गुना तक बढ़ गई है। जून के पहले सप्ताह में सक्रिय मरीजों की संख्या आठ रही जो अब बढ़कर 52 हो गई है। 10 जून के बाद कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जून से पहले के कुछ महीनों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या काफी कम रही। जिसके चलते तमाम निजी व शासकीय अस्पतालों के कोविड वार्ड बंद कर वहां अन्य बीमारियों के मरीजों को भर्ती किया जाने लगा।

## लोग शारीरिक दूरी व मास्क के निर्देशों का पालन करें

जिला टीकाकरण अधिकारी डा. एसएस दाहिया ने बताया कि कोरोना की रोकथाम के लिए टीकाकरण आवश्यक है। पात्र हितग्राहियों को कोरोना टीके का तीसरा डोज अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर का खतरा टीकाकरण के कारण ही दूर हुआ था। वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ते क्रम में है। इसलिए टीकाकरण पर जोर दिया जाना चाहिए। सीएमएचओ डा. रत्नेश कुरारिया ने कहा कि कोरोना से भयभीत होने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत है। लोग शारीरिक दूरी व मास्क के निर्देशों का पालन करें। अस्पतालों के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज की कोरोना की जांच कराई जाए। ताकी संक्रमण का समय से पता चल सके। डीएचओ डा. डीजे मोहंती ने कहा कि लोगों को स्वयं व स्वजन की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।



# उच्च शिक्षा विभाग की टीम ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग की टीम परीक्षाओं का निरीक्षण करने पहुंची श्री जानकी रमण महाविद्यालय। निरीक्षण दल में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ पवन तिवारी एवं डॉ ज्योति जुगारे उपस्थित रहे महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ अभिजात त्रिपाठी, डॉ आनंद सिंह राणा, डॉ शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ गंगाधर त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# पनागर में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**जबलपुर, यशभारत। पनागर में आज सोमवार को छत्तरपुर रोड वन विभाग चौकी के गेट के पास एक युवक का संदिग्ध शव बरामद किया गया है, मृतक के भाई ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। जिसके चलते शराब पीकर लड़खड़ाया होगा और चोट लगने के कारण वहीं ढेर हो गया।**

बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पस्ट हो सकेगी।

## रातभर पड़ा रहा, सुबह लोगों ने दी पुलिस को सूचना, पड़ताल जारी

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुबह 9-15 बजे संतोष यादव 33 वर्ष निवासी ग्राम चरखी ने सूचना दी छत्तरपुर निवासी संजय केवट ने उसे फोन करके बताया कि तुम्हारा बड़ा भाई गंगाराम केवट शराब पीकर छत्तरपुर रोड वन विभाग चौकी के गेट के पास पड़ा है। आकर ले जाओ तो उसने गांव के मुकेश यादव के साथ जाकर देखा उसका भाई गंगाराम यादव 37 वर्ष मृत पड़ा था, भाई गंगाराम अक्सर काफी शराब पीता था और कभी भी घर से कहीं चला जाता था , लेकिन फिर लौट आता था । भाई को टीवी हुयी थी जिसका इलाज चल रहा है । हो सकता है उसके भाई शराब पीकर रात में चलने में असमर्थ होने से घर नहीं आ पाया और गिर कर चोट लगने से मृत्यु हो गयी हो। पुलिस ने सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



# जबलपुर संभाग में बारिश का आरेंज अलर्ट

जबलपुर, यशभारत । पूरी तरह से सक्रिय हो चुके दक्षिण-पश्चिम मानसून की रंगत नजर आने लगी है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान से लेकर पश्चिम-मध्य अरब सागर तक ट्रफ लाइन समुद्र तल से 1.5 किमी व 5.8 किमी की ऊँचाई के मध्य गुजर रही है। वहीं मानसून ट्रफ अनूपगढ़ से लेकर ग्वालियर, सीधी, जमशेदपुर और दीघा से होते हुए पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। साथ ही झारखंड के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई तक सक्रिय है, जिसके प्रभाव में कल ओड़ीशा-झारखंड के आसपास निम्न दाब क्षेत्र विकसित होने की संभावना बनी हुई है। जिससे अगले चार दिन पूर्वी मध्यप्रदेश में भारी से मध्यम बरसात होगी। जबलपुर समेत संभाग के जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार की सुबह मौसम के मिजाज में काफी नरमी रही और मौसम सुहावना बना रहा। बादल छाए रहे और रात में बारिश होने की वजह से सड़कें पानी से तर नजर आईं। रविवार से शुरू हुआ बारिश का दौर कभी मध्यम तो कभी तेज गति से चलता रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को जबलपुर सहित संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने और कहीं-कहीं भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में जबलपुर सहित संभाग मंडला, नरसिंहपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा 13 इंच पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के रिकार्ड में अब तक 329 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी है। वहीं पिछले वर्ष आज तक सीजन में 6.5 इंच बारिश ही रिकार्ड की गई थी। इस हिसाब से इस बार साढ़े छह इंच ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने भी इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद जताई है। बारिश के फेर और चार किमी प्रति घंटे की गति से चल रही दक्षिणी हवाओं के फेर में तापमान में आंशिक घट-बढ़ हो रही है। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री पर लगभग स्थिर रहा। जिसके कारण वातावरण में रात में हल्की गर्माहट का अहसास होता रहा।

# प्रायवेट स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब कल तक ही, ऑनलाइन लॉटरी 14 जुलाई को



**जबलपुर,यशभारत।** शिक्षा का अधिकार कानून में सत्र 2022-23 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 5 जुलाई तक किए जा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 30 जून तक निर्धारित थी। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि पात्रतानुसार निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी द्वारा 14 जुलाई को किया जायेगा। वर्तमान में स्थानीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया में शासकीय सेवकों की ड्यूटी और कई पालकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के बाद सत्यापन कार्य नहीं कराए जा सकने की स्थिति में छात्र हित को देखते हुए समय-सारणी में संशोधन किया गया है। संशोधित समय-सारणी अनुसार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार 5 जुलाई तक किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद निकट के सत्यापन केंद्र में सत्यापनकर्ता अधिकारियों से 9 जुलाई तक सत्यापन कराए जा सकेंगे। रेंडम पद्धति से 14 जुलाई को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। स्कूल आवंटन के बाद संबंधित बच्चा 23 जुलाई 2022 तक प्रवेश ले सकेगा।

# फायर ब्रिगेड कर्मी के पेट में घोंप दी चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया में ओएफके में फायर बिग्रेड कर्मी को पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने जमकर गालीगलौच की। जब उसने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने आंव देखा ना तांव और कर्मी के पेट में चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आनन-फानन में पीड़ित को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार निजी अस्पताल पहुंची पुलिस को लक्ष्मीकांत मेसराम 38 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया ने बताया कि ओएफके में फायर बिग्रेड में नौकरी करता है। जब वह खमरिया बाजार के एसबीआई एटीएम से पैसे लेकर अपनी कार के पास जा रहा था तभी चंदन कालोनी रांझी निवासी सुनील दुबे जिससे उसका पुराना विवाद चल रहा है । मिलते हुए गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर पेट में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्री ने पत्थर मारकर फोड़ दिया सिर

## जनता एक्सप्रेस की घटना, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर यश भारत ।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक यात्री ने दूसरे को रेलवे लाइन से पत्थर उठाकर उसका सिर फोड़ दिया घायल को गंभीर हालत में जीआरपी द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़ित पक्ष की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेंद्र नगर से चलकर लोकमान्य तिलक ट्रेन जाने वाली गाड़ी संख्या 3201 जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आकर खड़ी हुई थी किस जनरल कोच में जय भीम नगर ठाणे मुंबई निवासी अविनाश शर्मा पिता भोलाराम शर्मा गेट के पास अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था इसी दौरान एक अज्ञात यात्री उसी कोच में चढ़ने का प्रयास कर रहा था जिसको लेकर दोनों में विवाद की स्थिति निमिज़्त हो गई विवाद इतना बढ़ा की दोनों में झूमा झपटी हुई इसी दौरान अज्ञात यात्री ने रेलवे लाइन पर पड़ी गिट्टी उठाकर अविनाश शमाज़् के सिर पर मार दी जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात रेलयात्री मौके से फरार हो गया इस घटना की जानकारी जीआरपी को लगती वह मौके पर पहुंची जहां से घायल यात्री से घटना के संबंध में पूछताछ करने के बाद उसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया और पीड़ित पक्ष को इस घटना की सूचना दी गई जीआरपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं पहचान होती उसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी जीआरपी के अनुसार घायल अविनाश शर्मा के परिजनों से बातचीत होने के बाद रात में उसको अन्य ट्रेन से मुंबई के लिए रवाना कर दिया गया।




# मध्य प्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष बने इंदौर डीजे सुबोध कुमार जैन

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश न्यायाधीश संघ के आनलाइन चुनाव में इंदौर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन 567 मत हासिल कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने छह प्रत्यशियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय का परचम लहराया। 1990 में सिविल जज वर्ग दो के रूप में न्यायिक सेवा में आने वाले डीजे सुबोध कुमार जैन मिलनसार व मददगार व्यक्तित्व के धनी हैं। संगठन के वर्चुअल महाधिवेशन के उपरांत रविवार को आनलाइन निर्वाचन प्रक्रिया को गति दी गई। राज्य के विभिन्न जिलों के न्यायिक अधिकारियों ने पोर्टल पर मिली लिंक के जरिये मतदान किया। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति रवि मलीमथ के मार्गदर्शन में आयोजित सम्मेलन और अध्यक्ष पद के लिए आनलाइन चुनाव का सफल आयोजन देश में अपनी तरह का पहला आयोजन है। न्यायिक अधिकारियों के वर्चुअल महाधिवेशन में कुल 1600 न्यायिक अधिकारी शामिल हुए, जिसमें 1479 ने मतदान किया। जो राज्य में न्यायिक अधिकारियों के कुल कैडर का 89.63 प्रतिशत है। नवीन कार्यकारिणी में झाबुआ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएमएस अंसारी उपाध्यक्ष, अजय सिंह ठाकुर व सिद्धार्थ तिवारी सह सचिव, धर्मेंद्र कुमार टाडा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष सहित अन्य ने राज्य के न्यायिक अधिकारियों के उत्थान के लिए संकल्प लिया। संघ के अध्यक्ष का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

## उच्च न्यायालय की आईटी विंग की सहायता से बनाया पोर्टल

यह चुनाव मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की आईटी विंग की सहायता से संघ द्वारा बनाए गए एक समर्पित पोर्टल पर आनलाइन मोड से आयोजित किया गया था। न्यायिक अधिकारियों ने पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर प्राप्त ओटीपी का उपयोग कर पदस्थापना के स्थान से गुप्त मतदान किया गया। मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य में आनलाइन चुनाव से जहां समय व खर्च बचा, वहीं न्यायिक अधिकारियों को यात्रा करने और मतदान के लिए अपना स्थान छो?ने की आवश्यकता भी नहीं पड़ी। इसके अलावा, चुनाव के कारण न्यायिक कार्य में बाधा नहीं आई है।

# गोहलपुर लूटकांड के मास्टर माइंड को पुलिस ने दबोचा : साथियों की तलाश जारी

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर में बाइक सवार से हुई 20 हजार की लूट के बाद पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मामले में फरार करीब तीन आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस को शैलेन्द्र मिश्रा 26 वष्र निवासी आनंद कालोनी बल्देवबाग ने बताया था कि वह संजय केटर्स मालवीय चौक में मैनेजर का काम करता है। जब वह अपने दोस्त से मिलने लौट रहा था तभी दीनदयाल चौक से होते हुये अपने घर बाइक से जा रहा था। तभी मनमोहन नगर पेट्रोल पम्प के पास एक युवक रोड किनारे लेटा था जो अचानक उठा और उसके शर्ट की कॉलर पकड़कर खींचने लगा। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई । उसी दौरान दो युवक और आ गये और गाली गलौज करते हुये उसके साथ मारपीट कर पैसों की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो उसके सिर में पत्थर से हमलाकर लहूलुहान कर दिया तथा उसके जेब में रखे नगद 20 हजार रूपये एवं मोबाइल छीन लिए।सूत्रों ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लूट के मास्टर माइंड जब्बार को पुलिस ने दबोचा है, जिससे सख्ती के साथ पूछताछ की जा रही है, लूट होने के बाद पुलिस को सीसीटीव्ही फुटेज में अहम सुराग हाथ लगे थे। अन्य आरोपियों की तलाश करने मुस्तैद पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# माढ़ोताल में 5 हजार नहीं देने पर पेट्रोल डालकर दुकान में लगा दी आग

## दुकान में सो रहे मिस्त्री बाल-बाल बचे, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के ग्रीन सिटी में दबंगों का एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर जीवन गुजार रहे एक दुकानदार ने मांगने पर आरोपियों को पांच हजार रुपये नहीं दिए और अपने घर सोने चला गया। जिसके बाद आरोपियों ने एकराय होकर देर रात दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गनीमत यह रही कि दुकान में सो रहे तीन मिस्त्रियों ने दुकान में धुंआ उठते देख, अलर्ट हो गए और कुछ देर बाद आग बुझा दी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।**

पूरी घटना वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शंकर साहू पिता रमेश साहू ग्रीन सिटी उम्र 35 साल ने बताया कि वह पांचवी तक पढ़ा लिखा है और ग्रीन सिटी में चाय नाश्ते की दुकान अपनी पत्नी सिखा साहू के साथ चलता था। एक दिन पहले जब वह कृषि उपज मंडी में खड़ा था तब अन्ना का फोन आया कि मनीष रजक को पांच हजार रुपये दे दो।

### नहीं थे पांच हजार रुपए

पीड़ित ने बताया कि मनीष रजक को देने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। जिसके बाद उसने मना कर दिया और चला गया। दूसरे दिन सुबह उसके दुकान में काम करने वाले अंशुल, प्रकाश और धनश्याम ने बताया कि दुकान में आग लगाई गई थी। जिसके चलते आगे का पोस्टर जल गया।

### कैमरे में दिखे आरोपी

पीड़ित ने पास में ही लगा कैमरे की फुटेज खंगाल तो कैमरे में मनीष रजक अपने अन्य दो साथियों के साथ होटल में पेट्रोल डालकर आग लगाते हुए दिख रहा है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।



# 9 वीं राज्य स्तरीय एयर वेपन गन फॉर ग्लोरी शूटिंग चैंपियनशिप का आज से

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में नौवीं राज्य स्तरीय गन फॉर ग्लोरी एयर वेपन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन आज से 10 जुलाई 2022 को गन फॉर ग्लोरी अकादमी में आयोजित होने जा रहा है। विदित हो गन फॉर ग्लोरी जबलपुर विगत 8 वर्ष में नौवीं बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। विदित हो कि विगत 8 वर्षों से अपने महाकौशल क्षेत्र के शूटर्स प्रशिक्षण से लेकर प्री नेशनल क्वालीफाई होने तक के समस्त लाभों से लाभान्वित हो रहे हैं। यहाँ से क्वालीफाई कर शूटर , प्री नेशनल - नेशनल - टीम इंडिया ट्रायल्स का मार्ग तय कर एशियाई और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचेंगे 7 मध्यप्रदेश के समस्त जिलों की 34 अकादमी से 500 से अधिक एयर वेपन - राइफल एवं पिस्टल शूटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे 7 गन फॉर ग्लोरी के संचाक प्रशांत जैन ने बताया कि, मध्यप्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट डी के शुक्ला एवं जनरल सेक्रेटरी राकेश गुप्ता , के निर्देशन में शूटिंग प्रतियोगिता में 50 इवेंट आयोजित होंगे।

## जनसंपर्क चरम पर

### वार्ड की जनता के लिए हर समय रहूँगा उपलब्ध : कमलेश अग्रवाल



**जबलपुर,यशभारत।** महाराजा अग्रसेन वार्ड क्रमांक 35 से भाजपा के प्रत्याशी कमलेश अग्रवाल ने विकास नगर, जगदम्बा कॉलोनी के क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। कमलेश अग्रवाल ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से कहा कि मैं वार्ड की जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहूँगा, मुझे वार्ड की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है, जहाँ में जा रहा हूँ हर तरफ उत्साह नजर आ रहा है। इस अवसर पर शंकर श्रीवास्तव, विजय उपाध्याय, प्रदीप कुशवाहा, राजेश तिवारी, राजकुमार पटेल, धर्मेंद्र तिवारी, भरत कुंभारे, पिंकी जैन, आशीष श्रीवास्तव, बिंदु पांडे, विनीता वाजपेयी, संजय तेवड़े, संजय मिश्रा, श्वेता गोटिया, सारिका राय, विमला साहू, प्रशान्त दुबे, लक्ष्मी मकोड़े, सर्वेश यादव, हर्षित राय, नरेश रामचांदानी, आशीष श्रीवास्तव, गुलाब रजक, पिंकी जैन, सुनील नामदेव, हीरा जाधव, नरेंद्र हरदया के साथ वार्ड के क्षेत्रीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सबसे सुंदर व्यवस्थित व विकसित वार्ड बनाएंगे -वत्सला मिश्रा



**जबलपुर,यशभारत।** गोकलपुर वार्ड क्रमांक-68 की कांग्रेस प्रत्याशी वत्सला मिश्रा न वार्ड के न्यू शोभापुर, भड़पुरा, उदयनगर, आजाद नगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। वत्सला मिश्रा ने लोगों को भरोसा दिलाया की पार्षद के रूप में उनके द्वारा जो विकास के कार्य किए गए थे और बीच में जो विकास कार्य अवरुद्ध हुए, उन्हें द्रुत गति से प्रारंभ किया जाएगा। वार्ड को शहर का सबसे सुंदर व्यवस्थित व विकसित वार्ड बनाने में वह कोई भी कसर नहीं रखेंगी। जनसंपर्क में कांग्रेस की पूर्व पार्षद रचना यादव, जनसंपर्क में कांग्रेस की पूर्व पार्षद रचना यादव छाया मिश्रा, अंजना तोमर, किरण यादव, संजना तोमर, निशा ओझा, मंजू चौरसिया, गीता, उमा देवी यादव, शशि, ममता बर्मन, रेखा बर्मन, रुकमणी रैकवार, गीता चौरसिया, रेखा के साथ-साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मनोज वर्मा, राजकुमार यादव, अजय, अनुज, सुमित घोष आदि भी उपस्थित थे।

### द्वारका मिश्रा को मिल रहा लोगों का भरपूर समर्थन



**जबलपुर,यशभारत।** किशोर वार्ड क्रमांक 11 से कांग्रेस प्रत्याशी पं. द्वारका प्रसाद मिश्रा के समर्थन में विशाल पैदल रैली निकाली गई। शक्ति नगर चौक, गुप्तेश्वर मंदिर, सेठी नगर, इन्द्र नगर, कृपाल चौक से लगे क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का भरपूर समर्थन भी मिला। उन्होंने क्षेत्रीयजनों और व्यापारियों से वार्ड के विकास के लिए सहयोग मांगा। रैली के दौरान उनके साथ अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान जनसंपर्क में शामिल कार्यकर्ताओं ने लोगों से कांग्रेस को जिताने का आग्रह किया।

### नहीं होगी राशन कार्ड की समस्या:नीति निखिल शुक्ला



**जबलपुर,यशभारत।** कांग्रेस प्रत्याशी नीति निखिल शुक्ला ने रविवार को प्रचार के दौरान क्षेत्रीयजनों को इंदिरा गांधी वार्ड को शहर में अग्रणी बनाने का भरोसा दिया। उन्हें स्थानीय जनों ने बताया कि नाली की सफाई नियमित रूप से नहीं होती है। कई गरीबों के राशन कार्डही नहीं बनाए जा रहे हैं। उन्होंने इन समस्याओं के निराकरण की बात कही। प्रत्याशी ने केवट मोहल्ला, झारिया मोहल्ला एवं अन्य क्षेत्रों में.. पदयात्रा कर मतदाताओं से चर्चा की। इस दौरान मनोज पाटकर सलिल चौकसे विरेंद्र केवट मनोज केवट एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकगण ब?ी संख्या में साथ रहे।

### घर-घर माँ नर्मदा का जल पहुंचाने का आशीष वचन



जबलपुर,यशभारत। महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 16 से कांग्रेस प्रत्याशी आशीष ठाकुर मोक्ष द्वारा माँ नर्मदा का आशीर्वाद लेकर सी सेक्टर,एमडी सेक्टर व डी सेक्टर से सुबह 8 बजे जन संपर्क प्रारम्भ किया गया। उन्होंने घर-घर माँ नर्मदा का जल पहुंचाने का वचन दिया। वार्ड के सभी सम्मानीय नागरिकों ने आशीष को विजयी बनाने का वचन और आशीर्वाद प्रदान किया । आशीष ठाकुर मोक्ष द्वारा जनता को दिए वचनों को निभाने का भरोसा दिलाया गया और संकल्प लिया की में जनता की सेवा के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा। उनके साथ प्रदीप वधवा, नेकराम पटेल, पंडित के. के शर्मा, रवितिवारी, मनोज नामदेव, देवा चंदेल, विनोद अग्निहोत्री, संदीप चादर, अनीता पटेल, लेखा बाई ने भी संपर्क किया।

### वार्ड का संपूर्ण विकास उनकी प्राथमिकता :महेश मनीष पटेल



जबलपुर,यशभारत। गढ़ा वार्ड क्रमांक एक से कांग्रेस यादव प्रत्याशी महेश मनीष पटेल ने रविवार में को गौरव भनोत के साथ नब्बे क्वार्टर संजीवनी नगर में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन माँगा। उन्होंने लोगों से वादा किया कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिला तो वार्ड का संपूर्ण विकास उनकी प्राथमिकता होगी। जलभराव की समस्या को हल कराने के साथ ही, गरीबी रेखा के कार्ड, बुजुगों को पेंशन और बेहतर सड़कों का निर्माण कराएँगे।

### वार्ड की हर समस्या का समाधान होगा : कविता अहिरवार



**जबलपुर,यशभारत।** राधा कृष्णन वार्ड क्रमांक 58 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती कविता संजय अहिरवार नेआज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बाजे गाजे के साथ हर घर मेंदस्तक दी और आर्शीवाद मांगा। शारदा मंदिर क्षेत्र में आने वाले शारदा नगर, करिया पाथर, प्रेम सागर आदि क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वे वार्ड की हर समस्या का समाधान करेंगे। इस मौके पर कौशल बेन, नरसिंह वंशकार, सागर वंशकार मौजूद रहे।

### अजय पटेल पिंटू भैया को मिल रहा जन आशीर्वाद



जबलपुर,यशभारत। महात्मा गांधी वार्ड के भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी भाई अजय पटेल पिंटू भैया ने आज दीक्षितपुरा महात्मा गांधी वार्ड में जनसंपर्क किया। जहां उन्हें जन आशीर्वाद मिल रहा है। उनके साथ आनंद मिश्रा गणेश मिश्रा श्रीनाथ यादव जय प्रकाश साहू जी सुनील जैन नेताजी प्रदीप यादव देशराज सिंह ठाकुर मुकेश शुक्ला जी जग्गी राज बक्की केसरवानी राजकुमार केसरवानी हृदयश महाराज प्रसन्न सोनी सचिन अग्रवाल आशीष मिश्रा अंशुल विश्वकर्मा शुभम रजक साहिल समुद्रे गोपाल अग्रवाल रिंकू केसरवानी नंदन तिवारी सुधांशु रैकवार सजल बिश्नोई श्रीमती कल्पना समुंद्र यश गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जबलपुर का स्मार्ट स्वरूप होगा सामने : डॉ जामदार

**महापौर प्रत्याशी डॉ जितेंद्र जामदार ने संपर्क के दौरान किया संवाद**

जबलपुर, यशभारत। आने वाले पांच सालों में जबलपुर का स्मार्ट स्वरूप आपके सामने होगा और जो विकास कार्य प्रगतिशील है उन्हें समय सीमा पर पूरा करते हुए नए विकास कार्यो के साथ हम नया जबलपुर देखेंगे, यह बात भाजपा महापौर प्रत्याशी डॉ जितेंद्र जामदार ने संपर्क के दौरान कही। डॉ जामदार ने कहा चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आयाम है जो हमे जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार प्रदान करता है और इस समय देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी के नेतृत्व वाली संवेदनशील सरकारे कार्य कर रही जिनका प्रथम उद्देश्य आमजनता को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास और हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। देश के साथ पूरे प्रदेश में महानगरों में औधोगिक विकास के साथ ही स्मार्ट स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा जिनमे हमारा जबलपुर भी शामिल है और आपके आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी का महापौर और पार्षद जब नगर निगम पहुँचेंगे तो विकास का यह क्रम अनवरत जारी रहेगा और आपके सपनो का जबलपुर हम मिलकर बनाएंगे। डॉ जामदार ने रविवार को मदनमहल महानड्डा क्षेत्र में जनसंपर्क किया साथ ही रांझी स्थित गुरुद्वारा में मत्था टेका और सिख समुदाय के प्रमुख लोगो से संवाद किया। इस अवसर पर डॉ अभिलाष पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष पांडे, पार्षद प्रत्याशी राजकुमार पटेल, आरती चौबे उपस्थित थे।

# आधुनिक सुख सुविधाओं से सज्जित बनेगा जबलपुरः अन्नू

**विधायकों और पार्षद प्रत्याशियों के साथ मिल कर जनता से मांगा जीत का आशीर्वाद**




**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा कर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने शहरवासियों से वादा किया कि यदि शहर की सम्माननीय जनता ने उन्हें महापौर बनाया तो अपने कार्यकाल के दौरान वे जबलपुर को खेल, कला, साहित्य, पर्यटन, पर्यावरण, परिवहन और चिकित्सा आदि की आधुनिक सुख सुविधाओं वाला शहर बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू ने हाथ जोड़कर लोगों से जीत का आशीर्वाद मांगा और यह निवेदन किया कि जबलपुर के बहुमुखी विकास की आस में आप सभी ने बीते 18 साल का लंबा समय भाजपा को सौंपा लेकिन शहर का हाल किसी से छिपा नहीं है। अब सिर्फ 5 साल का अवसर जनता उन्हें महापौर के रूप में दे कर देखें। उन्होंने कहा कि वे शहर वासियों की शहर विकास से संबंधित हर आशा पर खरे उतरेंगे।

कांग्रेस महापौर प्रत्याशी जगतबहादुर सिंह अन्नू को साथ लेकर तेवर, चौकीताल, सहित आसपास के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क पदयात्रा के दौरान बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय यादव ने आम नागरिकों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस प्रत्याशी को महापौर बनाने के बाद उनके नए वार्डों में सड़क, बिजली, पानी, और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी और प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। विधायक संजय यादव ने इस दौरान कांग्रेस महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू की नए वार्ड के निवासियों से मुलाकात करवाई और जीत का आशीर्वाद भी दिलवाया। वही प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी लोगों से वादा किया कि महापौर निर्वाचित होते ही नए वार्डों में सुविधाओं का विस्तार उनके कार्यकाल की प्राथमिकता होगी। महापौर प्रत्याशी जगतबहादुर सिंह अन्नू ने सांसद विवेक तन्खा की मौजूदगी में रविवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक तरुण भनोत के साथ जॉर्ज डिसिल्वा और बनारसीदास भनोत वार्ड एवं उत्तरमध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना के साथ सुभद्राकुमारी चौहान वार्ड, कमला नेहरू वार्ड, विवेकानंद वार्ड, महाराजा अग्रसेन वार्ड, चेरीताल वार्ड एवं कस्तूरबा गांधी आदि वार्डों के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पदयात्रा कर नागरिकों से जीत का आशीर्वाद मांगा।

**नगर निगम चुनाव-घर घर दस्तक....**

# अंतिम दिन में खेला करने की तैयारी..

**जबलपुर,यशभारत। नगर निगम चुनाव के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 6 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशियों ने अंतिम चरण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है आज शाम चुनावी शोरगुल समाप्त हो जाएगा। महापौर से लेकर वार्ड की प्रत्याशी तक अब घर घर जाकर संपर्क बनाएंगे।**



सही खेल अब शुरू होगा जिसके लिए प्रत्याशी साम दाम दंड भेद का उपयोग कर हर हाल में मतदाता को अपने पक्ष में करने की हर संभव कोशिश करने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। वहीं दूसरी तरफ चुनाव को लेकर भी प्रशासनिक तैयारियां और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि चुनाव के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था ना हो चुनाव को लेकर जिला और पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड पर हैं। रविवार को दिनभर जहां रैलियों की शक्ल में प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने-अपने वार्डो भ्रमण करके मतदाताओं से समर्थन और आशीर्वाद मांगते नजर आए वहीं प्रचार अभियान थमने के पूर्व रविवार 3 जुलाई की शाम को जातिगत वोट साधने के लिए सामाजिक बैठकों का आयोजन भी किया गया। इन बैठकों में प्रत्याशियों के अलावा सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे जिनकी मौजूदगी में उम्मीदवारों ने अपनी बात उनके सामने रखकर उनसे समर्थन और आशीर्वाद मांगा । रविवार शाम को वार्डों में आम सभाएं भी आयोजित की गई जिसमें राजनीतिक दलों के नुमाइंदों के अलावा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार और उनके समर्थक भी मौजूद रहे। इन सभाओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनों ने जहां क्षेत्र के विकास के लिए अपने समर्थित उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे ,वहीं प्रत्याशियों ने भी सभा में मौजूद वार्डवासियों को विश्वास दिलाया कि यदि वार्ड के मतदाताओं का उन्हें आशीर्वाद मिलता है तो वे वार्ड के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे ,साथ ही शासन के द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ भी अपने वार्ड के गरीब नागरिकों और जरूरतमंद लोगों को दिलाने के लिए संकल्पित हैं । सोमवार शाम को प्रचार अभियान थमने के बाद रैली जुलूस आम सभाओं में रोक लग जाएगी इसके कारण प्रचार अभियान के अंतिम दिन प्रचार अभियान थमने के पूर्व भी शहर के विभिन्न वार्ड प्रत्याशियों की रैली आयोजित हुई और प्रचार थमने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से मिलने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो मतदान की पूर्व रात्रि तक जारी रहेगा । अभी तक के प्रचार अभियान में कांग्रेस भाजपा बसपा आम आदमी पार्टी शिवसेना जैसे राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय और बागी प्रत्याशियों ने भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है अब देखना यह है मतदाता किसे अपना वोट देकर वार्ड और शहर की कमान सौंपता है।

### संजीवनी नगर में जीएसटी अधिकारी के घर लाखों की चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनीनगर के जसूजा टावर में जीएसटी विभाग में कार्यरत अधिकारी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपयों के सोने चांदी के जेवरात सहित करीब 40 हजार नगदी पार कर दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित माता के निधन पर पैत्रिक गांव गया था, जब लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखकर दंग रह गया। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज की बिनाह पर आरोपियों के गिरेबां तक पहुंचने प्रयासरत है। जानकारी अनुसार रोहित सोलाखे 36 वर्ष निवासी जसूजा टावर के पास धनवंतरीनगर ने पुलिस को बताया कि वह जीएसटी विभाग में नौकरी करता है। उसकी माताजी का निधन होने से पैत्रिक गांव सिवनी परिवार सहित घर पर ताला लगाकर चला गया था। तभी पड़ौसी मोनी पाण्डे ने फोन पर बताया कि आपके घर का ताला टूटा है दरवाजा खुला है। वहां से वापस आकर देखा तो घर में रखा सोने का मंगलसूत्र, हार 1 जोड़ी कंगन, 1 चैन, 3 अंगूठी, चांदी की 3 चैन, 2 जोड़ी पायल, 5 सिक्के, 2 जोड़ी बिछिया तथा नगदी लगभग 35-40 हजार रूपये गायब थे ।

### जबलपुर से 8वीं के छात्र का अपहरण


### स्कूल से आया था घर, बिना बताए हुआ गायब, परिजनों का आरोप- कोई बहलाकर ले गया

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत एक आठवीं के छात्र के अपहरण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। छात्र एक निजी स्कूल में पढ़ता है और हॉस्टल मे रहता था। रविवार को वह घर आया था लेकिन उसके बाद घर से बिना बताए अचानक गायब हो गया। परिजनों ने आसपास पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थकहार कर परिजनों ने थाने में शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि न्यू कंचनपुर अधारताल में रहने वाला आठवीं का छात्र, पाटन रोड स्थित एक स्कूल में अध्ययनरत था और छुट्टी होने के बाद हॉस्टल से घर आया था। लेकिन घर आने के बाद अचानक शाम को गायब हो गया। परिजनों को शक है कि बच्चे का किसी ने अपहरण किया है, पुलिस ने मामला दर्ज कर, जगह-जगह बच्चे की तलाश में दबिश दे रही है।

### युवक पर चाकुओं से वार कर किया लहूलुहान : पुरानी रंजिश पर दिया वारदात को अंजाम, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत शंकर घी भंडार रोड पर एक युवक से गालीगलौच करते हुए आरोपी ने चाकू से वार कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आनन-फानन में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

### भारी जनसमर्थन के बीच हुआ कविता रैकवार का जनसंपर्क



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल वार्ड क्रमांक 24 से भारतीय जनता पार्टी की पार्षद पद की प्रत्याशी कविता रैकवार को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा हनुमानताल वार्ड से पार्षद पद की प्रत्याशी कविता रैकवार के समर्थन में विशाल पैदल जनसंपर्क यात्रा निकाली गई। यह जनसंपर्क हनुमानताल वार्ड कार्यालय,घोड़ा नक्कास, सुभाष टॉकीज, मालपानी स्कूल, गुडहाई ,गहोई धर्मशाला, उपरैनगंज, मन्नू लाल हॉस्पिटल, नुनहाई मंदिर, सराफा, राजा सागर मार्ग, बावर्ची गली, राकेश अग्रवाल की गली, दरहाई, विवेक कला मंदिर, फूटाताल चौक, हनुमानताल थाना, बेलबाड़ा, धड़गल मोहल्ला, घोड़ा नक्कास से कार्यालय में समापन हुआ। जनसंपर्क अभियान के दौरान कविता रैकवार के साथ वार्ड के नागरिक, पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### झांसी में पटरी सुधारने का काम शुरू

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर से ट्रेन में यात्रा करने वालों को जुलाई माह में परेशानी होगी। रेलवे ने बड़े स्तर पर पटरी सुधार कार्य शुरू कर दिया है। जबलपुर रेल मंडल से लगे झांसी, बिलासपुर और नागपुर रेल मंडल में यह काम किया जा रहा है। इस वजह से जबलपुर मंडल ने इस मंडलों तक जाने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेगी।

### परीक्षा कमेटी ने दिया निर्णय, कई छात्रों के पेपर निरस्त

**जबलपुर,यशभारत ।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में बनाए गए यूएफएम मामलों में गठित की गई परीक्षा कमेटी ने अपनी पहली रिपोर्ट जारी कर दी है। कई छात्रों के जहां सभी प्रश्नपत्रों को निरस्त कर दिया गया है तो वही कुछ छात्रों को सिंगल पेपर निरस्त किया गया है। पहले चरण की जांच में 19 छात्रों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। वर्ष 2021- 2022 में आयोजित सेमेस्टर और मुख्य परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का उपयोग करने एवं परीक्षा संचालन संबंधित व्यक्तियों के साथ अभद्र व्यवहार या अनुचित आचरण करने के कारण परीक्षा केंद्रों में इस तरह के मामले पर्यवेक्षकों, उड़नदस्ता दलों के सामने आए थे। उन पर परीक्षा संचालन संबंधी अध्यादेश क्रमांक 5 के अधीन नियुक्त अनुचित साधन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार परीक्षार्थियों को दंडित किया गया है। कमेटी ने कहा कि स्नातक स्तर की जिन परीक्षार्थियों का किसी विषय समूह का कोई भी प्रश्न पत्र निरस्त किए जाने पर पूर्ण विषय समूह निरस्त माना जावेगा।

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**
अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
9009985689,
9131406684
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
रोस्टेड नमकीन सत्तू रोस्टेड ड्राई फ्रूड बकेट टोस्ट केला
जिरा पीनट चिक्की ड्राईमेज बिस्केट फुल्की रोस्टेड पीनट
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
आईस बर्फ गोला
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
सांची कूल जोंन
एकता चौक विजय नगर, मो. 7974758785

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORI SCHOOL
Play Nursery | Nursery | KG I | KG II | Ist to Vth
For Details Call:
9981997833 , 9981997834
ADMISSION OPEN 2022-23
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
81,Ashok Nagar,In front of Jain Mandir,Adhartal,Jabalpur(M.P.)
Ph.No.:0761-4115332,E-mail:goldnstar81gs@gmail.com

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS
SHALBY MULTI-SPECIALITY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
24x7 Emergency & Pharmacy
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
www.shalby.org

# भोपाल क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक माह में 16 आरोपितों को किया गिरफ्तार

## 240 किलो गांजा बरामद

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश की राजधानी में ओडिशा और आंध्रप्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से मादक पदार्थ की खेप आ रही है। क्राइम ब्रांच ने बीते एक माह में करीब 240 किग्रा गांजा बरामद कर 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित ट्रेन और निजी वाहन से गांजा भोपाल लाते थे और अलग-अलग तस्करों को पहुंचाते थे। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि अब मादक पदार्थ तस्करी में महिला भी शामिल हो गई हैं। युवकों पर शंका होने के कारण महिला इस अवैध कारोबार में बड़े स्तर पर तस्करी कर रही हैं। बता दें क्राइम ब्रांच को जून में मादक पदार्थ तस्करों के तीन गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। इनमें पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है जिसके सदस्य ट्रेन से गांजा लेकर आते थे। ये लोग ट्रेन की बाथरूम के ऊपर टीन की केबिन को खोलकर गांजा छिपाकर रखते थे। इसके अलावा निजी कार में लगी गैसकिट का उपयोग करते हैं। इस गिरोह में अब महिलाएं भी शामिल हो गई हैं, जो सूटकेस में गांजा लेकर सफर करती हैं। क्राइम ब्रांच अभी तक की कार्रवाई में 240 किग्रा गांजा बरामद कर चुकी है। इसमें 16 मादक पदार्थ तस्कर को गिरफतार किया जा चुका है। छह महिलाओं को मादक पदार्थ तस्करी में जेल भेजा जा चुका है। इन मादक पदार्थ तस्करों से तीन कार और दो बाइक बरामद हो चुकी हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि ओडिशा के मलकानगिरी, चांदमेटा और शबरी नदी के किनारे से तस्कर गांजा लेकर आ रहे हैं। इसके अलावा आंध्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली यह गांजा उगाकर देशभर में सप्लाई करते हैं। दिल्ली में भी इस गांजे की डिमांड है। इसके अलावा खरगोन, देवास, उज्जैन में भी बड़ी मात्रा में काले गांजे को सप्लाई की जाती है।


File Pic

# मनमाने तरीके से दौड़ रहे ई-रिक्शा बनने लगे समस्या

### शहर में दिनोंदिन बढ़ रहे ई-रिक्शा! तीन सवारियों की अनुमति, पांच से छह-सात सवारियां तक बैठा रहे!

### आधे बिना पंजीकरण के भी चल रहे।



**भोपाल ( यश भारत )।** शहर में ई-रिक्शा का मनमाना संचालन समस्या बनता जा रहा है। ई रिक्श का पंजीयन चालक के अतिरिक्त तीन सवारियों की बैठक क्षमता के लिए होता है। नियमों के अनुसार ई-रिक्शा में तीन से अधिक सवारियां नहीं बैठाई जानी चाहिए, लेकिन शहर में ई-रिक्शा चालक पांच से छह और सात तक सवारियां बैठाकर चल रहे हैं। इतना ही नहीं ई-रिक्शा को परमिट की व्यवस्था नहीं होने से शहर में दो हजार से अधिक ई रिक्शे मनमाने तरीके से यहां-वहां दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं जितने पंजीकृत रिक्शे हैं, उससे लगभग आधे बिना पंजीयन ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के अधिकारी इस नई समस्या को बढ़ने से रोकने के बजाए मौन साधे हुए हैं।

### फीडर परिवहन थे, मुख्य सड़कों पर रोक रहे यातायात

परिवहन के प्रदूषण रहित साधन होने के नाम पर जो छूट ई-रिक्शा को दी गई थी, वह अब शहर के लिए फंदा बनती जा रही है। शहर में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है। दरअसल, ई-रिक्शा संचालन के लिए चालकों को किसी रूट का परमिट नहीं लेना होता। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, क्योंकि इन्हें शहर के परिवहन साधन सिटी बस, मिनी बस या मुख्य मार्ग के रिक्शों तक पहुंचने के फीडर के रूप में उतारा जाता है। लेकिन ई-रिक्शा चालक अंदरूनी मार्गों के बजाए मुख्य मार्ग पर धड़ल्ले से ओवरलोड चलकर यातायात को धीमा और कई जगह तो रोकने का कारण बन रहे हैं।

### तेजी से बढ़ रही ई-रिक्शा की संख्या

2019-20- 66
2020-21- 430
2021-22- 1212

शहर में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है, यह परमिट वाले मार्गों पर बिना परमिट दौड़ रहे हैं। शहर में कई जगह नाबालिग ई-रिक्शा चला रहे हैं। इनमें अनुमति से कहीं ज्यादा छह-सात सवारियां तक बैठाई जा रही हैं। चौड़ाई कम और अधिक ऊंचाई वाले ई-रिक्शा का संतुलन खराब होता है, छोटे से गड्ढे में पलट जाते हैं। ऐसे में ई-रिक्शा को भी पंजीयन, फिटनेस और परमिट के साथ ही नियमानुसार चलने की अनुमति मिलनी चाहिए।

**- प्रताप सिंह यादव, प्रांतीय अध्यक्ष, आटो, मिनी बस एसोसिएशन**

ई-रिक्शा के मामले में ओवरलोडिंग के मामले देखे जा रहे हैं। यातायात पुलिस ओवरलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में कार्रवाई करती है। जहां भी यातायात नियमों का उल्लंघन होगा, वहां कार्रवाई की जाएगी।

**-डा. हंसराज सिंह, डीसीपी, ट्रैफिक**

# भोपाल स्टेशन पर एक प्रवेश द्वार बढ़ेगा

## यात्रियों को होगी सहूलियत

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी में भोपाल रेलवे स्टेशन पर दो महीने के भीतर प्रवेश व निकास व्यवस्था बदल जाएगी। अभी स्टेशन पर तीन मुख्य प्रवेश द्वार है। प्लेटफार्म-एक पर बनकर तैयार नए भवन को यात्रियों के लिए खोलने के बाद यह संख्या चार हो जाएगी। नया भवन पुराने आरपीएफ थाने से मुख्य प्रवेश द्वार के बीच बनाया है, जो तीन मंजिला है। इसकी लागत करीब 20 करोड़ है। इस ओर पहले से दो प्रवेश द्वार है। इसे नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) से ऐस्केलेटर व सीढ़ियों के जरिए जोड़ दिया है। यह एफओबी सीधे प्लेटफार्म-छह की ओर मुख्य भवन से जुड़ा है। इस तरह भवन के चालू होने के बाद यात्री अधिकतम तीन मिनट में दोनों भवनों से होकर यात्री छह प्लेटफार्म पार कर सकेंगे। अभी एक प्लेटफार्म-एक पर उतरकर छह नंबर व छह नंबर पर उतरकर एक नंबर प्लेटफार्म की ओर से बाहर निकलने वाले यात्रियों को 10 से 15 मिनट लगते हैं। इसकी वजह सीधी कनेक्टिविटी का नहीं होना है। जिसकी वजह से प्लेटफार्म पर अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। यात्री भीड़ का सामना भी करते हैं।

### ये होंगी नए भवन में सुविधाएं

एसी वेटिंग रूम, डोरमेट्री- एसी वेटिंग रूम व डोरमेट्री रूम होंगे। पीआरएस- सभी तरह के टिकट भूतल में मिलेंगे। अभी यह सुविधा पुराने भवन में अलग-अलग भवनों में मिल रही है। इसके लिए कांच के केबिन तैयार किए जा रहे हैं। रेस्टोरेंट- भूतल को छोड़कर ऊपर के माले पर यह सुविधा होगी। इसका संचालन आइआरसीटीसी द्वारा किया जाएगा। बहुपयोगी स्टाल- भूतल में कुछ बहुउपयोगी स्टाल को अनुमति दी जाएगी। मेडिकल स्टोर खोला जाएगा। शौचालय- महिला, पुरुष यात्रियों के लिए अलग-अलग होंगे। पूछताछ केंद्र- ट्रेनों की जानकारी के लिए यात्री पूछताछ सेवा केंद्र भी इसी में होगा। रेलवे दफ्तर- पुराने भवन में संचालित हो रहे कुछ दफ्तरों को भी इसमें शिफ्ट किया जाएगा।



# चंबल पुल की मरम्मत के बाद पिलर के बेयरिंग की होगी ग्रीसिंग

### बंद हो सकता है छोटे वाहनों का आवागमन

**भोपाल ( यश भारत )।** ग्वालियर-इटावा नेशनल हाइवे पर चंबल नदी के पुल की मरम्मत का काम गुरुवार सुबह से चालू होना था, लेकिन बारिश के कारण काम रोकना पड़ा है। पुल की मरम्मत का काम बरेली की एएम बिल्डर्स कर रही है। गुरुवार को कंपनी के इंजीनियर पुल पर आए और यहां मरम्मत शुरू करने से पहले पुल के दोनों तरफ चेतावनी बोर्ड लगाने के लिए गड्ढे करवाए हैं। कंपनी के अधिकारियों ने मरम्मत के लिए करीब 4 महीने का समय मांगा था, इसमें पुल के मेंटेनेंस के अलावा पिलर के बेयरिंग की ग्रीसिंग होगी, लेकिन प्रशासन ने 2 महीने का समय दिया है। अधिकारियों के मुताबिक काम के हिसाब से समय कम-ज्यादा भी हो सकता है। पुल पर फिल्हाल 27 जून से भारी वाहनों का निकलना बंद हैं, जरूरत पड़ने पर छोटे वाहनों को भी बंद किया जाएगा। बता दें कि चंबल नदी के पुल पर लगातार भारी वाहन निकलने से पुल पर गड्ढे होने के साथ ही जर्जर हो गया है। उप्र लोकनिर्माण सेतु विभाग ने पुल की मरम्मत की जरूरत बताई थी। इटावा कलेक्टर ने अवनीश राय ने 27 जून से पुल से रेत-गिट्टी के अलावा अन्य सामान के भारी वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही पुल की मरम्मत करने वाली कंपनी के अलावा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में कंपनी ने मरम्मत के लिए 3 से 4 महीने का समय मांगा था। लेकिन प्रशासन काम को जल्द से जल्द यानी 2 महीने में करने के लिए कह रहा है। ऐसे में जब तक पुल की मरम्मत का काम पूरा नहीं हो जाता है, तब तक भारी वाहनों के निकलने पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### पुल पर यह काम किया जाएगा-

चंबल पुल पर कंपनी पिलर के नीचे से लेकर ऊपर तक चेक करेगी। पिलर की बेयरिंग को चेक करेगी कि कहीं कोई टूटी तो नहीं है। सभी बेयरिंग की ग्रीसिंग की जाएगी। पुल के जिन स्लैब में दरार आ रही हैं उन्हें भरा जाएगा। पुल पर छोटे-छोटे गड्ढों को बंद करने के लिए प्लेट डालने के बाद रिपयेरिंग करेगी। इसकी बाद पुल की सड़क पर नई लेयर डाली जाएगी।

### 2018 में 41 दिन बंद रहा था पुल-

चंबल नदी पर बने पुल के छठवें पिलर की बेयरिंग 10 मई 2018 को टूट गई थी। इसके बाद पुल 41 दिनों के लिए बंद रहा था। 30 सितंबर 2016 को इटावा की ओर स्लैब टूट गया था। इसके बाद पुल को बंद किया गया था। इसके बाद भी लंबे समय तक चंबल के पुल पर सभी तरह के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इससे पहले वर्ष 2003 में भी चंबल पुल के पिलर की बेयरिंग टूटी थी। अब पुल की मरम्मत के लिए भारी वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन इस बार पुल से आवागमन कब शुरू होगा, इसको लेकर अधिकारी बता नहीं पा रहे हैं।

ओवरलोड वाहनों से हुआ पुल को नुकसान:1976 में बनकर तैयार हुए चंबल पुल को बनाने वाले इंजीनियरों ने इसका डिजायन 20-25 टन वजनी वाहन के हिसाब से तैयार किया था, लेकिन वर्तमान में इस पुल से क्षमता से ज्यादा वाहन निकलते हैं। रेत के ओवरलोड वाहनों से भी पुल को नुकसान पहुंचा है। ओवरलोडिंग से पुल के दोनों ओर सड़क के स्लैब धसक चुके हैं। पुल की दोनों साइड जर्जर हैं। इससे पुल खतरनाक स्थिति में है।

### भिंड से इटावा जाने में 40 किमी फेर बढ़ा :

भिंड से फूफ बरही से चंबल पुल होकर इटावा की दूरी 35 किमी है। पुल पर वाहन प्रतिबंध होने से भिंड से इटावा जाने वाले सभी वाहन फूफ से भदाकुर रोड होकर चकरनगर पहुंच रहे हैं। यहां से उदी चौराहा होकर इटावा पहुंचेंगे। भिंड से इटावा जाने के इस वैकल्पिक मार्ग की दूरी 75 किमी है। इस तरह से अब भिंड से इटावा जाने में 40 किमी का फेर बढ़ेगा। इसका सीधा असर लोगों की यात्रा खर्च और शहर में इटावा से आने वाली सब्जी के दामों व रोजमर्रा के सामान पर पड़ेगा। इटावा से शहर में धनिया, मिर्च, आलू, करेला, लोकी, भिंडी, टमाटर, तरबूज और खरबूज आदि आते हैं।

**चंबल पुल की मरम्मत का काम जल्द शुरू होगा। पुल से भारी वाहनों के निकलने पर 27 जून से बंद कर दिया। मरम्मत के दौरान जरूरत के हिसाब से अन्य वाहनों को भी बंद कराया जा सकता है।**

**अवनीश राय, कलेक्टर इटावा**

# मध्यप्रदेश के अनुपूरक बजट में शामिल नहीं होंगे नई योजना के प्रस्ताव

**भोपाल ( यश भारत )।** 25 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रथम अनुपूरक अनुमान (बजट) प्रस्तुत करेगी। वित्त विभाग ने इसके लिए सभी विभागों से पांच जुलाई तक प्रस्ताव मांगे हैं। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों को यह साफ बता दिया गया है कि नई योजना के किसी भी प्रस्ताव को अनुपूरक बजट में शामिल नहीं किया जाएगा। अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी। नए वाहन खरीदने के प्रस्ताव भी स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिर्फ उन्हीं योजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जिनके लिए पूर्व में सहमति दी जा चुकी है। केंद्र सरकार या अन्य एजेंसी से प्राप्त सहायता के लिए राज्यांश की व्यवस्था अनुपूरक बजट के माध्यम से की जा सकती है। इसके लिए विभाग को केंद्र सरकार या अन्य एजेंसी से जो सहायता प्राप्त हो रही है, उसका उल्लेख करते हुए प्रस्ताव देना होगा। साथ ही यह भी बताना होगा कि विभाग के पास उपलब्ध बजट से उक्त राज्यांश की व्यवस्था क्यों नहीं की जा सकती है। दरअसल, वित्त विभाग ने विभागों को मांग के अनुरूप पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया है, इसलिए वित्तीय प्रबंधन को देखते हुए अतिरिक्त राशि विशेष परिस्थिति में देने की ही व्यवस्था बनाई है।

# जुलाई से बिजली की दर में 10 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा



**भोपाल ( यश भारत )।** मध्य प्रदेश की बिजली कंपनी ने एक बार फिर से बिजली उपभोक्ताओं को दर बढ़ाकर झटका दिया है। जुलाई माह से 10 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। बिजली कंपनी फ्यूल कास्ट एडजस्टमेंट जो तिमाही तय होता है उसमें इजाफा किया है। इसके मुताबिक 300 यूनिट की मासिक खपत वाले उपभोक्ताओं को पहले से तीन रुपये अतिरिक्त देना होगा। यह दर एक जुलाई से सितंबर तक प्रभावी होगी। ज्ञात हो कि हर तीन माह में एफसीए मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी की तरफ से तय किया जाता है। इसका निर्धारण पावर प्लांट में जलने वाले कोयले और तेल के आधार पर तय होता है। कई बार यह कम होता है तो कई दफा बढ़ोतरी की जाती है। अभी तक 6 पैसे प्रति यूनिट यह था। जुलाई से 10 पैसे बढ़ने के बाद प्रति यूनिट 16 पैसे एफसीए तय हो गया है। पिछले दिनों गर्मी में एकाएक बिजली की मांग बढ़ने की वजह से प्रदेश की बिजली कंपनी को अतिरिक्त महंगा कोयला और महंगी बिजली खरीदनी पड़ी थी जिस वजह से जाहिर है कि तिमाही में दाम बढ़ाना पड़ा। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने जुलाई से सितंबर तक की तिमाही के लिए फ्यूल कास्ट में 10 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है। अभी तक मार्च से लेकर जून तक की तिमाही में फ्यूल कास्ट सिर्फ 6 पैसे प्रति यूनिट था जो बढ़कर अब इस तिमाही में 16 पैसे प्रति यूनिट हो गया है। एक जुलाई से 30 सितंबर तक 300 यूनिट खपत करेंगे तो उस पर अब बिजली उपभोक्ताओं को 30 रुपए ज्यादा देने होंगे। इसी तरह 100 यूनिट पर अभी 6 पैसे देने पड़ रहे थे अब 16 पैसे देने पड़ेंगे। 200 यूनिट पर 12 की जगह 32 पैसे देने पड़ेंगे।

### बिना सूचना के कर दी वृद्धि उपभोक्ता पहले से नाराज

बिजली के लगातार बढ़ रहे दाम से आम उपभोक्ता खासे परेशान हैं जो चुनाव में असर डालेंगे। बिजली उपभोक्ता पहले से ही बढ़ी हुए बिजली के बिलों को लेकर नाराज हैं। आम मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं के सामने बिजली जलाना अब मुश्किल होता जा रहा है। बढ़ते दामों को लेकर उपभोक्तओं में नाराजगी है। आम चुनाव में इसका खामियाजा सत्ताधारी दल को भुगतना पड़ सकता है।

# राजा भोज एयरपोर्ट पर अब मिलेगी अंग्रेजी शराब

## इसी माह इंदौर एयरपोर्ट पर भी खुलेगी दुकान, यात्री लाउंज से बाहर जाने से पहले खरीद सकेंगे

**भोपाल ( यश भारत )।** । राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों को अब ड्यूटी पेड अंग्रेजी शराब मिल सकेगी। यात्री लाउंज से बाहर निकलने से पहले शराब खरीद सकेंगे। एयरपोर्ट अथारिटी और आबकारी विभाग ने शराब दुकान की स्वीकृति काफी समय पहले ही दे दी थी। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की अनुमति मिलने के बाद शराब की बिक्री शुरू हो गई है। कार्यकारी एयरपोर्ट डायरेक्टर अमृत मिंज एवं एयरपोर्ट अथारिटी के सहायक महाप्रबधक संतोष सिंह ने रविवार शाम अंग्रेजी शराब दुकान का लोकार्पण किया। यह दुकान अराइवल क्षेत्र में खोली गई है। एयरपोर्ट अथारिटी ने एमपी टूरिज्म काउंटर के निकट खाली पड़ा स्थान एक निजी कंपनी को आवंटित किया है। यहां अंग्रेजी शराब के सभी लोकप्रिय ब्रांड एवं बीयर मिल सकेगी। लोकार्पण समारोह में कार्यवाहक एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कहा कि राजा भोज एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। यात्रियों के सुझाव पर हम सेवाओं का विस्तार करते रहेंगे।

### इस मामले में इंदौर से आगे निकला भोपाल

एयर ट्रैफिक और उड़ानों की संख्या के मामले में इंदौर एयरपोर्ट भोपाल से आगे है, लेकिन शराब की दुकान के मामले में भोपाल अब इंदौर से आगे निकल गया है। इंदौर एयरपोर्ट पर भी इसी माह शराब की दुकान खोलने का प्रस्ताव है। इसके लिए टैंडर भी हो गए हैं। आमतौर पर शराब की दुकान अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर ही होती है। इंटरनेशनल उड़ानों में सफर करने वाले यात्रियों को ड्यूटी फ्री शराब उपलब्ध कराई जाती है। हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू विमानतल पर ड्यूटी पेड शराब दुकान खोलने की स्वीकृति दी थी। मध्यप्रदेश में सबसे पहली दुकान राजा भोज एयरपोर्ट पर ही खुली है।




### उपहार गैलरी का भी लोकार्पण हुआ

एयरपोर्ट के डिपार्चर क्षेत्र में उपहार गैलरी भी खोली गई है। रविवार को इसका लोकार्पण भी किया गया। यात्री यहां से आकर्षक गिफ्ट पैक उपहार, बच्चों के खिलौने एवं सजावटी सामान खरीद सकेंगे। हाल ही में एक्जीक्यूटिव लाउंज एवं वेलनेस सेंटर खोला जा चुका है।

# नगरीय निकाय चुनाव में लगे कर्मचारियों को मतदान का एक और मौका

### डाक से डाल सकेंगे वोट

**भोपाल ( यश भारत )।** नगरीय निकायों के चुनाव में लगे शासकीय अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र (इडीबी) के माध्यम से अब भी मतदान कर सकेंगे। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी केवल डाक के माध्यम से ही अपना मत दे सकेंगे। यह सुविधा उन प्रशिक्षणरत अधिकारियों-कर्मचारियों के अतिरिक्त ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी है जो किसी कारणवश 28 जून से 1 जुलाई तक की समयावधि में निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र का उपयोग नहीं कर पाए हैं। उन्हें ड्यूटी आर्डर के साथ निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गई है। दरअसल, चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान का अधिकार दिए जाने के लिए शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय के यशवंत हाल और लाइब्रेरी को सुविधा केंद्र के रूप में नियत किया गया था। यहां 28 जून से 1 जुलाई तक चुनाव प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मतदान किया गया था। इंदौर जिले में नगर निगम और आठ नगर परिषद के चुनाव में लगभग 15 हजार कर्मचारी लगे हैं, लेकिन इस दौरान 5337 कर्मचारियों ने ही मतदान किया। बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मतदान के लिए आए ही नहीं। इडीबी के नोडल अधिकारी ने जानकारी दी है कि जो अधिकारी व कर्मचारी वोट डालने से वंचित रह गए हैं, उनको अपने ड्यूटी आर्डर के साथ वार्ड के सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में आवेदन करना था। इसके आधार पर उनको इडीबी मिलेगा। इस इडीबी से अधिकारी व कर्मचारी केवल डाक के माध्यम से ही अपना मत दे सकेंगे। मतांकित लिफाफे डाक के माध्यम से मतगणना के दिन 17 जुलाई की सुबह 8 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में इसके लिए कोई ड्राप बाक्स सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

# कोलार पाइप लाइन फूटने से 14 वनकर्मियों को हुआ 3.50 लाख रुपये का नुकसान

**भोपाल ( यश भारत )।** कोलार पाइप लाइन फूटने के कारण रविवार दोपहर में 14 वनकर्मियों के घरों में पानी घुस गया था। जिसके कारण प्याज, लहसुन, गृहस्थी की सामग्री बह गई है। फ्रिज, वाशिंग मशीन, कम्प्यूटर सीपीयू में पानी भर जाने से खराब हो गए हैं। गेहूं, चावल गीले हो गए। दीवान व अल्मारियों में रखा गृहस्थी का सामान भींग गया और कीचड़ से खराब हुआ है। घर में खड़े वाहनों में पानी प्रवेश करने से चालू नहीं हो रहे हैं। एक परिवार को औसतन 25 हजार रुपये तक का नुकसान होने का दावा किया जा रहा है। इस अनुरूप करीब 3.50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई करने के लिए निगम तैयार नहीं है। वन विभाग की ओर से भी कोई राहत नहीं पहुंचाई है।

वनकर्मी यज्ञनारायण पटेल, मुस्तफा खान, दीपक बेन, महादेव पटेल, लल्लन शुक्ला, गणेश भलावी, सेमुअल डायस, रमेश सोनवाने, उपेंद्र तिवारी, उमाशंकर कटरे, रीना सिंह, राकेश यादव, तारा बाई, ग्यारसीलाल जाटव के घरों में पानी घुसने से नुकसान हुआ है।

### डेढ़ महीने से लीकेज थी लाइन

वनकर्मी यज्ञनारायण पटेल व उमाशंकर कटरे ने बताया कि डेढ़ महीने से पाइप लाइन लीकेज थी। दोनों ने सीएम हेल्प लाइन व नगर निगम के टोल फ्री नंबर पर अलग-अलग शिकायत की थी। निगम के अधिकारी एक से दूसरे के पास टालते गए थे। समय रहते सुधार नहीं किया था। समस्या बताई तो पुलिस बुलाने लगे

गृहस्थी का सामान खराब होने के बाद मौके पर पहुंचे निगम के अधिकारियों को वनकर्मी व उनके स्वजन शिकायत करने पहुंचे तो महिला अधिकारी ने पुलिस की महिला जवानों को बुलाने लगी। विवाद हो गया, जिसे बीच-बचाव कर शांत किया गया।

**वनकर्मियों के आवेदन आएंगे तो कलेक्टर को भेजेंगे। नुकसान निगम की व्यवस्था के कारण हुआ है इसलिए वन विभाग भरपाई नहीं करेगा। आरएस भदौरिया, एसडीओ, भोपाल सामान्य वन मंडल**

# आज मदन महल स्टेशन से रवाना हुई रेलवे सुरक्षा बल की बाइक रैली

## यात्रियों को जागरूक कर अपराधों पर अंकुश लगाना प्रमुख उद्देश्य

**जबलपुर यश भारत। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जल सेवा, वृक्षारोपण, रन फॉर यूनिटी, स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।**



इसी क्रम में आज सुबह मदन महल रेलवे स्टेशन से आरपीएफ आईजी प्रदीप कुमार गुप्ता कमांडेंट अरुण त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी इरफान मंसूरी एवं मदन महल आरपीएफ प्रभा बझैया जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज के नेतृत्व में मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मोटर साइकिल रैली का जगह-जगह स्वागत हुआ जिसके बाद रैली शहपुरा स्टेशन पहुंची। इस मोटर साइकिल रैली का उद्देश्य दूरदराज के इलाकों में रेलवे एवं रेलवे सुरक्षा बल की क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों के संबंध में लोगों को अवगत कराया। आरपीएफ मोटरसाइकिल रैलियों को आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में देश भर के 75 स्थानों से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली को जबलपुर पोस्ट क्षेत्राधिकार में भ्रमण हेतु जबलपुर स्टेशन से रवाना होकर मदन महल स्टेशन पर बाइकर्स का स्वागत समारोह कर स्टेशन पर यात्रियों को एसीपी, यात्री सामान की चोरी, जहरखुरानी, आदि प्रकार के अपराधों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने के उपाय बताते हुए जागरूक किया। बाद मदन महल से रवाना होकर कछपुरा गेट 316 पर गेटमैन की उपस्थिति में आने जाने वालों को एकत्र कर समपार फाटक को बंद स्थिति में नीचे से पार न करने के संबंध में जागरूक किया एवं सभी को 139 रेल मदद के बारे में बताकर जागरूक किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी मोर्चा निकालेंगे भव्य वाहन रैली

**जबलपुर,यश भारत।** नगर निगम चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा सामूहिक रूप से प्रदेश अध्यक्ष साँसद श्री वीडी शर्मा के नेतृत्व ने महापौर एवँ पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आज दोपहर

**बिरसा मुंडा चौक में प्रदेश अध्यक्ष करेंगे जनसभा**

2:30 बजे दीनदयाल चौक से भव्य वाहन रैली निकालेंगे।भाजपा नगर अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर ने बताया प्रचार के अंतिम दौर में कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने के साथ ही जनता के बीच वाहन रैली के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा के नेतृत्व में कल सोमवार को दोपहर 2:30 बजे दीनदयाल चौक से वाहन रैली प्रारम्भ होगी जो दमोहनाका चौक, गोहलपुर, रद्दी चौकी होते हुए बिरसा मुंडा चौक में समाप्त होगी जहां दोपहर 3:30 बजे प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा जनसभा को संबोधित करेंगे।



# सेना डेंटल सेंटर का 80वां स्थापना दिवस मनाया

**जबलपुर यशभारत।** मिल्ट्री अस्पताल में गत दिवस मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल माणिक कुमार दास, पीवीएसएम, एसएम वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया रहे।उन्होंने मिलिट्री डेंटल सेंटर जबलपुर के 80वें स्थापना दिवस की शोभा बढ़ाई।

मिलिट्री डेंटल सेंटर जबलपुर ऐतिहासिक संस्थान है जो लेफ्टिनेंट जी एल नरूला की कमान के तहत 02 जुलाई 1942 को पहले आर्मी डेंटल सेंटरके रूप में स्थापित किया गया। यूनिट को सिंगल चेयर डेंटल सेंटर के बाद क्रमश: अपग्रेड किया गया ।वर्तमान में डेंटल लैब के साथ पांच चेयर तक बढ़ा दिया गया । बुनियादी ढांचे की बेहतरी और अधिक प्रभावी और कुशल उपचार प्रदान करने के लिए 2020 में नए परिसर में स्थापित किया गया । केंद्र 80 वर्षों से सैनिकों की प्रतिबद्धता के साथ सेवा कर रहा है।

इस अवसर पर मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने मिलिट्री डेंटल सेंटर जबलपुर की टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। सेंटर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रविंदर सिंह सेमी ने वर्तमान डेंटल सेंटर के परिवर्तन और विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। यूनिट के निरंतर उन्नयन और महानिदेशक दंत चिकित्सा सेवा लेफ्टिनेंट जनरल सतीश आर अय्यर पीएचडीएस डीजीडीएस और आर्मी डेंटल कॉर्प्स के कर्नल कमांडेंट और मेजर जनरल सुब्रत रॉय, कमांडेंट कमांड डेंटल एडवाइजर, कमांड मिलिट्री डेंटल सेंटर (सीसी) आदिके लिए भी संस्था को उच्च मानकों पर लाने के लिए निरंतर परामर्श और मार्गदर्शन की अपेक्षा की।

# भाजपा के शासन में ही जबलपुर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा

*__जबलपुर,यशभारत।__ चार पूर्व महापौरों प्रभात साहू, श्रीमती सुशीला सिंह, श्री सदानंद गोडबोले एवँ श्रीमती स्वाति गोडबोले ने जबलपुर में हुए विकास कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर प्रभात साहू ने कहा जबलपुर में नगरीय निकाय के चुनाव अब अंतिम पड़ाव में है आज से 18 वर्ष पूर्व जबलपुर की जनता ने कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त होकर जबलपुर की सत्ता भाजपा के हाथों में सौंपी थी और यह संभवत: आजादी के बाद से प्रथम बार जबलपुर नगर निगम में भाजपा पर भरोसा जताया था और बहुमत से हम नगर निगम में पहुँचे थे और उसके बाद जबलपुर के विकास में अमूलचूल परिवर्तन हुए और जनता ने लगातार भाजपा को आशीर्वाद दिया अपना भरोसा जताया और हम सबने लगातार जनता के विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास किया।*



## चार पूर्व महापौर ने रखा जबलपुर में हुए विकास कार्यो का लेखा जोखा

श्री साहू ने कहा नगर निगम के माध्यम से विकास कार्यो की शुरुआत श्रीमती सुशीला सिंह के कार्यकाल से प्रारम्भ हुई जो मेरे कार्यकाल और श्रीमती स्वाति गोडबोले के कार्यकाल तक जारी रही।श्री साहू ने बताया जो कार्य श्रीमती सुशीला सिंह ने प्रारम्भ किये थे उन्हें आगे बढ़ाते हुए मेरे कार्यकाल में जबलपुर की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के घाटों जिनमे ग्वारीघाट, तिलवाराघाट का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। जबलपुर की जनता को स्वच्छ पेयजल मिले इसके लिए 120 एमएलडी का रमनगरा प्लांट बनाया गया साथ ही 16 पानी टंकियों का निर्माण किया गया जिससे शहर के सुदूर क्षेत्रो में भी पानी उपलब्ध हो रहा है और पूरे प्रदेश में जबलपुर ही ऐसा शहर है जहाँ पेयजल भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। श्री साहू ने बताया जबलपुर में मानस भवन के रूप एकमात्र आडिटोरियम हुआ करता था जो पुराने स्वरूप में था जिसका उन्नयन करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सुंदर बनाया गया जिसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश में हुई। उन्होंने कहा हमारे कार्यकाल में जबलपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और जनता को कम दर में आवागमन के साधन उपलब्ध कराने मेट्रो बसों की शुरुआत हुई जिसका लाभ जनता को मिला। उन्होंने बताया मेरे कार्यकाल में जबलपुर के प्रमुख मार्गों में जिनमे बल्देवबाग से उखरी तक फोरलेन सड़क, रानीताल से कछपुरा तक की सड़क का चौड़ीकरण कर निर्माण किया गया साथ ही अन्य प्रमुख सड़को का निर्माण भी किया गया । पूर्व महापौर श्रीमती सुशीला सिंह ने बताया उनके कार्यकाल में जब शहर के मुख्य मार्ग में सिंगल लेन सड़कें होती थी तब पहली बार टू लेन और फोर लेन सड़कों का निर्माण प्रारम्भ हुआ जो व्यवस्थित रोड डिवाइडर के साथ ही ग्रीनरी का कार्य किया गया उनमें शास्त्री ब्रिज से तिलवारा तक कि सड़क, मेडिकल से धन्वंतरी चौक तक सड़क, छोटा फुहारा से दमोहनाका तक सड़क के साथ ड्रीम सड़कों में रद्दी चौकी से घमापुर चौक, घमापुर से हाईकोर्ट, हाईकोर्ट से कलेक्टोरेट, गेट न 3 से यातायात थाना, करमचंद चौक से राजीव गांधी चौक, रसल चौक तक की सड़कों का निर्माण हुआ साथ ही उसी समय ही छोटे छोटे उद्यानों का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।उन्होंने बताया उनके कार्यकाल में चौराहों का उन्नयन हुआ जिनमे प्रमुख रूप से सिविल लाइन चौक, घमापुर चौक, दमोहनाका चौक, रसल चौक, मदन महल चौक, रानीताल चौक, अब्दुल हमीद चौक प्रमुख है साथ ही सूपाताल, हनुमानताल, रानीताल तालाब का उन्नयन किया गया और समस्त वार्डो में क्रांकीट सड़कों का निर्माण, कच्ची नालियों का पक्कीकरण, पेयजल हेतु 6 टंकियों का निर्माण, शहीद शंकर शाह रघुनाथ शाह, वीर दुर्गादास की मूर्ति का अनावरण किया गया। श्रीमती सिंह ने बताया उनके कार्यकाल में 1 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बाबुराव परांजपे जल योजना लागू की गई जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले एवँ श्रीमती स्वाति गोडबोले ने बताया उनके कार्यकाल में शहर विकास को नई गति देने का कार्य सभी के प्रयास से किया गया और जो कार्य हमारे प्रयासों से हुए उन कार्यो को कांग्रेस के विधायक सोशल मीडिया के माध्यम से अपना बता रहे है।श्री गोडबोले ने बताया पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में जबलपुर जिसे 52 तालाबों का शहर कहा जाता था उसे बचाने और सवारने का कार्य किया गया जिनमे प्रमुख रूप से गुलौआ तालाब, संग्राम सागर तालाब, इमरती तालाब, शाही तालाब, अधारताल तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण किया गया। उन्होंने बताया जबलपुर में कन्वेंशन सेंटर की शुरुआत, इंटिमेट थियेटर का निर्माण किया गया। साथ ही जबलपुर के भंवरताल पार्क, चंद्रशेखर आजाद पार्क एवं शिवनगर उद्यान का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करने के साथ वार्डों में छोटे छोटे उद्यानों का निर्माण कर सौंदर्यीकरण किया गया। श्री गोडबोले ने बताया जलापूर्ति हेतु और उपनगरीय क्षेत्र रांझी में जल पहुंचाने के लिए उमरिया नहर में 40 एच पी की 10 मोटर लगाकर घर-घर नर्मदा जल पहुँचाने का काम किया, साथ ही 21 पानी की टंकी का निर्माण कराकर पेयजल की समस्या निदान करने का प्रयास किया गया। नर्मदा जल को शुद्ध रखने हेतु मूर्ति विसर्जन के लिए भटौली कुंड का निर्माण कराया गया। पत्रकार वार्ता में बताया कि जबलपुर में विकास कार्य अनवरत जारी है और आने वाले समय में साँसद जी के प्रयासों से बनने वाले मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर, सबसे बड़ी आउटर रिंग रोड, आधुनिक एयरपोर्ट, जैसे कार्यो से जबलपुर का नया स्वरूप हमारे सामने होगा।पूर्व महापौरों ने कहा कि जबलपुर की जनता ने अपना आशीर्वाद भाजपा को दिया और हमे महापौर का दायित्व दिया तो हम सबने मिलकर जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया और जबलपुर में जितने भी विकास कार्य हुए वह भाजपा के महापौर के कार्यकाल में ही हुआ है और हमे केंद्र और प्रदेश की सरकार का लगातार सहयोग मिला और आने वाली 6 जुलाई को जनता का आशीर्वाद हमारे प्रत्याशी डॉ जितेंद्र जामदार और पार्षद प्रत्यशियों को मिलेगा और हमारी यह विकास यात्रा को नई गति मिलेगी।



## टोयोटा ने अर्बन कूजर हाइराडर् के साथ भारत में प्रतिष्ठा वाले बी.एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश किया

**एजेंसी।** अर्बन कू्जर हाइराडर श्सेगमेंट में पहलीश् कई खासियतों से युक्त होगाए इनमें एक सेल्फचार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन शामिल है जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन कुशलता प्रदान करता है।विश्व स्तर पर प्रशंसित टोयोटा के सेल्फचार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल ;एसएचईवीद्ध तकनीक का भारत के आम वर्ग ;मास सेगमेंट में प्रवेश का प्रतीक हैए और इस तरह टोयोटा के श्मास इलेक्ट्रीफिकेशन श् के प्रयासों को बढ़ावा मिला है।दो पावरट्रेन में उपलब्ध है. नियो ड्राइव और सेल्फचार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन अर्बन क्रूजर हाइराइडर बेजोड़ प्रदर्शन और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन कुशलता मुहैया कराता है।

अर्बन कूजर हाइडर में ऑल.व्हील ड्राइव पावरट्रेन, पैनोरमिक सनरूफए 17श अलॉय, वायरलेस चार्जर, हेड्स अप डिस्प्ले ;एचयूडी और 360.डिग्री कैमरा तथा कनेक्टेड कार फीचर्स सहित अन्य बेहतरीन सेगमेंट की विशेषताएं हैं।सात आकर्षक मोनोटोन और चार डुअल टोन बाहरी रंगों में पेश किया गयाहैरू मोनोटोन रंग हैं केव ब्लैक, स्पोर्टिन रेडए स्पीडी ब्लूए एनटाइसिंग सिल्वरए कैफे व्हाइट गेमिंग ग्रे और मिडनाइट ब्लैक हैं। ड्यूल टोन कलर काविकल्प ;ब्लैक रूफके साथ कैफे व्हाइट, स्पोर्टिन रेड, एनटाइसिंग सिल्वर और स्पीडी ब्लू के साथ उपलब्ध है।

# लापरवाह वाहन चालक को सजा

**नरसिंहपुर यभाप्र।** माननीय न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गाडरवारा द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के प्रकरण में आरोपी भवानी शंकर पटैलको भादवि की धारा 338 (2 काउन्ट) में 500 रूपये का अर्थदंड व मोटरयान अधिनियम की धारा 146/196 में 500रूपये के अर्थदंड एवं आरोपी मुन्नालाल पटैल को मोटरयान अधिनियम की धारा 146/196 में 500रूपये रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। दोनों आरोपीगण निवासी ग्राम झामर, थाना चीचली, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि 25.11.2015 के करीब 11.30 बजे की है वह अपनी मोटरसाइकिल टीव्ही एस स्पोर्टस क्रमांक एमपी 49 एमएच 0389 से पत्नी राजकुमारी यादव लडका टिंकू यादव, कर्ण यादव के साथ सुदरास से नर्मदा जी नहाने सोकलपुर जा रहा था। मोटरसाइकिल वह चला रहा था। उसके पीछे भतीजा कर्ण यादव, पीछे पत्नी राजकुमारी, लडका रिंकू को लेकर बैठी थी, बम्होरी के आगे पिपरिया सोकलपुर तिराहा पहुंचा उसी समय सोकलपुर तरफसे मोटर साइकिल डिस्कवर क्रमांक एमपी 49 एमई 6530 का चालक भवानी शंकर पटेल बहुत तेज गति व लापरवाहीपूर्वक मोटर साइकिल चलाते हुए लाया और सामने से मोटर साइकिल पर ठोस मार दिया, जिससे वह मोटरसाइकिल सहित गिर गया, जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना सांईखेडा में अपराध क्रमांक 285/15 भादवि की धारा 297, 337, 338, 146/196 मोटर व्हीकल एक्टधाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आहतगण का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। घटना स्थल का नक्शा मौका, पंचनामा बनाया गया एवं अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# पीपरवानी में उल्टी दस्त रोकथाम के लिये मौके पर पंहुचा स्वास्थ्य अमला

**नरसिंहपुर यभाप्र।** विगत दिवस समीपी ग्राम पीपरवानी पान में दूषित पानी और उमस भरी गर्मी के चलते संक्रामक बीमारियां उल्टी-दस्त के मरीज अचानक बढ़ने की स्थिति में सूचना मिलते ही विधायक संजय शर्मा के द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुये तत्काल प्रभाव से मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को पंहुचने निर्देशित किया गया।

टीम के द्वारा तत्काल पीड़ित मरीजों का इलाज कर गंभीर एक पीड़ित को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर एवं कार्यकर्त्ता के द्वारा घर-घर जाकर आवश्यक दवाओं का वितरण कर लोगों को पानी छानकर पीने दूषित खाद्य पदार्थ वासा भोजन ना करने आवश्यक जानकारियां दी जा रही है। नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। रात के समय खाने-पीने के सामग्री को खुला न छोड़े उसे हमेशा ढककर रखे, भोजन करते समय सावधानी बरते, और अत्याधिक तेल वाला भोजन न करें। उल्टी दस्त होने पर तत्काल चिकित्सक के पास जाये।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली रैली




**नरसिंहपुर यभाप्र।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित सिंह के निर्देशन एवं रिटर्निंग ऑफिसर करेली के मार्गदर्शन में करेली के नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता सेंस अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सत्य प्रकाश त्यागी सेंस प्लान नोडल करेली ने मतदाता जागरूकता रैली में बताया कि निर्वाचन में मतदान के लिए महिलाओं की भागीदारी स्वस्थ लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। महिला बाल विकास विभाग एवं नगर पालिका अमले द्वारा संयुक्त रैली निकाली। सेंस सहप्रभारी श्रीमती सुषमा वर्मा, श्रीमती काजल सेवईवार ने कहा कि मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल द्वारा वृहद पौधारोपण

**जबलपुर,यशभारत।** लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल द्वारा शहीद स्मारक, गोल बाजार में वृहद पौधारोपण किया गया। जिसमें 8 तरह के पेड़ गुलमोहर, चंपा, कचनार, फाईकस, कदम, नीम, फकस्ताल फाम, सप्पडनी का रोपण किया गया। क्लब के सदस्य लायन गिरीश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सभी लायन साथियों ने पौधरोपण किया। इसी के साथ आर. बी. कैफे में डॉक्टर डे एवं सी.ए. डे मनाया गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. शैलेश नेमा, डॉ. एम. के. खुराना, डॉ. अरविंद झींगरन, एवं सी.ए. आदित्य ग्रोवर उपस्थित थे। मंच पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन इशरार पप्पी खान एवंसचिव लायन राजेश डेंगरा, आर. सी. लायन दुष्यंत सिंह, जेड सी लायन के. के. गुमास्ता के साथ सभी डॉक्टर्स एवम सी. ए. मंचासीन थे।क्लब के सभी लायन साथियों अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर सभी डॉक्टर्स द्वारा स्वास्थ के बारे में सारगरमित दिशा निर्देश दिए। संचालन लायन अरविंद झींगरन द्वारा किया गया। क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। लायन मथुरा प्रसाद चौबे, लायन प्रकाश नेमा, लायन जीतेन लालन , लायन अजय गुप्ता, लायन धीरेन्द्र सिंह, लायन ज्ञान जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष लायन उमा शंकर सिंह द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।




# बी राइट रियल एस्टेट लिमिटेड के पब्लिक इश्यू 5 जुलाई तक खुला रहेगा




**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई स्थित प्रतिष्ठित रियल एस्टेट और निर्माण कंपनीए बी राइट रियल एस्टेट लिमिटेड, 143 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित 153 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर नकद के लिए 10 के 28,99,200 इक्विटी शेयरों के कुल 44.35 करोड़ सार्वजनिक निर्गम के साथ आ रही है। शेयर बीएसई लिमिटेड के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। इश्यू 30 जूनए 2022 को खुलेगा और 5 जुलाई, 2022 को बंद होता है। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड एकमात्र लीड मैनेजर है और इश्यू का रजिस्ट्रार पूर्वा शेयर रजिस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड है। बी राइट ग्रुप ने 4,00,000 वर्ग फीट का कंस्ट्रक्शन सफलतापूर्वक निर्माण और वितरण किया है। समूह 2 व्यापक डिविजनों . कंस्ट्रक्शन और लिजिंग का काम करता है। इसे प्रोफेशनली तौर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के ग्रुप द्वारा मैनेज किया जाता है जिनके पास 30 से अधिक साल का कंपनी चलाने और लीडरशिप का अनुभव है। श्री संजय शाहए एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कॉमर्स ग्रेजुएट है जिनके पास 18 वर्ष का प्रोफेशनल एक्सपीरियंस है। बी.राइट रियल एस्टेट लिमिटेड का समय पर ब्याज और मूलधन के पुनर्भुगतान का एक अभूतपूर्व ट्रैक रिकॉर्ड है। कंपनी के भविष्य के बारे में बोलते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री पारस देसाई ने कहाए ष्हमारी कंपनी अपनी साख बढ़ाने के लिए अन्य कंपनियों के साथ ज्वाइंट वेंचर और पार्टनरशिप भी कर सकते है। हम अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, अपनी उपस्थिति बढ़ाने और अपने दम पर शुरू से अंत तक परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए क्षमताओं का निर्माण करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

## रूस में ऑयल प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड ने मेजर डाइवर्सिफेशन की योजना बनाई




**एजेंसी।** एनएसई- (एसआरपीएल) लिस्टेड, श्री राम प्रोटीन लिमिटेड, डी-ऑयल कॉटन सीड केक और अन्य संबंधित उत्पादों के निर्माण में लगी हुई है, इन उत्पादों के भारत में बहुत कम निर्माता है। श्री राम प्रोटीन लिमिटेड ने मेजर डाइवर्सिफेशन की योजनाओं की घोषणा की है जिसके तहत वह रूस के तांबोव क्षेत्र, कोटोवस्क में सूरजमुखी तेल निर्माण यूनिट की स्थापना कर रहा है। कंपनी ने सभी आवश्यक वैधानिक मंजूरी प्राप्त कर ली है और 99 साल के लिए लीज पर जमीन भी ले ली है। सूरजमुखी तेल इकाई में कच्चे माल के प्रति दिन 500 टन प्रोसेसिंग की क्षमता होगी (सूरजमुखी की भूसी प्रति दिन 100 टन, सूरजमुखी मील- 200 टन प्रति दिन, सूरजमुखी तेल 200 टन प्रति दिन)। इसके संचालन में कुल अनुमानित पूंजीगत व्यय लगभग 150 करोड़ रुपये होगा और इस निवेश का योगदान आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा। पूरी परियोजना दिसंबर 2024 तक चालू होने की उम्मीद है। यह निवेश पूरी तरह से अपने मौजूदा व्यवसाय के अनुरूप है और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच परिचालन क्षमता प्रदान करेगा। इसके अलावा कंपनी ने सिलचर, असम में 25 वर्षों के लिए लीज पर चाय बागानों (क्षेत्र- 496 हेक्टेयर) का भी अधिग्रहण किया था। कंपनी दुनिया भर में चाय पैकिंग निर्यात करने की योजना बना रही है। वर्तमान में कंपनी चाय पत्ती, चाय प्रोसेसिंग बेच रही है। मशीनें एक साल के भीतर स्थापित की जाएंगी और यह जून 2023 तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर देगी। इन नई परियोजनाओं के व्यावसायीकरण के साथ, कंपनी के कारोबार में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी अपने ब्रांड नाम भाग्यलक्ष्मी TM के तहत चाय की पत्ती और चाय की पैकिंग बेचेगी और दुनिया भर में चाय की पैकिंग का निर्यात करने की भी योजना बना रही है।

## दूसरी पारी में भारत 125/3, पुजारा-पंत नाबाद

# इंग्लैंड पर अब तक 257 रन की बढ़त

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में 45 ओवर में तीन विकेट पर 125 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे और इंग्लैंड को पहली पारी में 284 रन पर समेट दिया था और 132 रन की बढ़त हासिल की थी। इस लिहाज से टीम इंडिया की दूसरी पारी में अब तक बढ़त 257 रन की हो चुकी है।

पुजारा ने लगाया अर्धशतक

भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने अच्छी बल्लेबाजी की है और तीसरे दिन के आखिरी ओवर में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 139 गेंदों पर टेस्ट करियर का 33वां अर्धशतक जड़ा और नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, ऋषभ पंत उनका साथ निभा रहे हैं और 46 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 91 गेंदों में 50 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। पुजारा ने इंग्लैंड में पांचवां अर्धशतक जड़ा। वहीं, यह सभी अर्धशतक उन्होंने भारत की दूसरी पारी में ही जड़े हैं। बात करें इस टेस्ट की तो दूसरी पारी में शुभमन गिल चार रन, हनुमा विहारी 11 रन और विराट कोहली 20 रन बनाकर आउट हुए। जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिला।

इंग्लैंड की पहली पारी 284 रन पर सिमटी

### बेयरस्टो का शतक

इससे पहले भारत ने इंग्लैंड को पहली पारी में 284 रन पर समेट दिया था। तीसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने जॉनी बेयरस्टो के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई।





स्टोक्स 25 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बेयरस्टो ने सैम बिलिंग्स के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच बेयरस्टो ने अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया। यह उनका टेस्ट में लगातार तीसरा शतक रहा। बेयरस्टो को मोहम्मद शमी ने विराट कोहली के हाथों कैच कराया।

बेयरस्टो 106 रन बना सके। इसके बाद सिराज ने बिलिंग्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और मैटी पॉट्स को पवेलियन भेज इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। एंडरसन छह रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, बुमराह ने तीन और शमी ने दो विकेट झटके। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। 416 रन का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड को शुरुआती तीन झटके दिए। उन्होंने एलेक्स लीस (6), जैक क्रॉली (9) और ओली पोप (10) को पवेलियन भेजा। जो रूट ने इसके बाद जॉनी बेयरस्टो के साथ मिलकर 34 रन की साझेदारी निभाई। रूट को मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ही ओवर में पवेलियन भेजा। रूट 67 गेंदों पर 31 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में रूट ने चार चौके लगाए। नाइट वाचमैन जैक लीच शून्य पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। दूसरे दिन बेयरस्टो 12 रन और कप्तान स्टोक्स बिना खाता खोले नाबाद लौटे थे।

भारत की पहली पारी 416 रन पर सिमट गई। जेम्स एंडरसन ने मोहम्मद सिराज को आउट करके भारतीय पारी खत्म की। सिराज ने छह गेंदों में दो रन बनाए। एंडरसन की गेंद पर स्टुअर्ट ब्रॉड ने उनका कैच पकड़ा। वहीं, कप्तान जसप्रीत बुमराह 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए।

### पंत और जडेजा ने भारत को संभाला

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। टीम का पहला विकेट 27 के स्कोर पर गिर गया था। गिल 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पुजारा भी 13 रन बनाकर आउट हो गए। हनुमा विहारी 20 और विराट कोहली 11 रन बनाकर आउट हुए। 98 रन पर भारत के पांच विकेट गिर गए थे। इसके बाद पंत ने जडेजा के साथ 222 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया को संभाला। उन्होंने 146 रन की पारी खेली। वहीं, जडेजा 104 रन बनाए। अंत में जसप्रीत बुमराह ने 16 गेंद में 31 रन बनाकर भारत का स्कोर 416 तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। वहीं, मैटी पॉट्स ने दो विकेट झटके। स्टुअर्ट ब्रॉड, बेन स्टोक्स और जो रूट के हाथ एक-एक सफलता लगी।



## बिलिंग्स के आउट होने पर नाचने लगे विराट कोहली तो कमेंटेटर सहवाग बोले- छमिया नाच रही

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के दौरान पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर वीरेंद्र सहवाग अपने एक बयान की वजह से चर्चाओं में हैं। दरअसल, इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान तीसरे दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे सैम बिलिंग्स का जब विकेट गिरा तो विराट कोहली खुशी में नाचने लगे। इस पर हिंदी कमेंट्री कर रहे सहवाग ने कोहली को छमिया कह कर बुलाया। इस पर सोशल मीडिया पर लोग सहवाग की आलोचना कर रहे हैं।

### सहवाग ने क्या कहा?

दरअसल, इंग्लैंड की पारी के दौरान 60वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने सैम बिलिंग्स को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद फील्डिंग कर रहे कोहली डांस करने लगे। इस पर हिंदी कमेंट्री कर रहे मोहम्मद कैफ ने सहवाग से कहा- विराट कोहली का डांस तो देखिए। इस पर सहवाग ने कोहली का मजाक बनाते हुए कहा- छमिया नाच रही है। सहवाग का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का श्रीलंका से दूसरा मैच आज

# सीरीज जीतना चाहेगी टीम इंडिया




**मुंबई (एजेंसी)** भारतीय महिला क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को होने वाले दूसरे मैच में जीत से तीन मैचों की वनडे श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी और साथ ही अपने शीर्ष क्रम विशेषकर सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद लगाएगी।

### स्मृति-शेफाली से फॉर्म वापसी की उम्मीद

इससे पहले हुई टी-20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम करने के बाद भारत ने कम स्कोर वाले पहले मैच में 72 गेंद रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर वनडे श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली थी। इस आसान जीत के बावजूद भारतीय 'थिंक टैंक' को उप कप्तान स्मृति मंधाना और युवा शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी को लेकर कुछ चिंता बनी होगी। ये दोनों बल्लेबाज दौरे पर अभी तक कोई मजबूत साझेदारी नहीं बना सकी हैं जिससे टीम को तेज शुरुआत नहीं मिली है। मंधाना और वर्मा अब बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगी क्योंकि दौरे पर बस दो ही मैच बचे हैं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रही हैं, वह रन जुटाने के अलावा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से विकेट भी चटका रही हैं। पहले वनडे में कम स्कोर का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम चरमरा गया। हरमनप्रीत, हरलीन देओल, दीप्ति, पूजा वस्त्राकर वाले मध्यक्रम ने शुरुआती मुकाबले में भारत को जीत तक पहुंचाया।

### स्पिनरों ने दिखाया है दम

भारतीय गेंदबाज विशेषकर स्पिनर श्रीलंका की धीमी पिचों का अच्छा इस्तेमाल कर रही हैं और उन्होंने दौरे पर टीम की जीत में अहम भूमिका अदा की हैं। दाएं हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। हालांकि दीप्ति शर्मा (3/25) की ऑफ ब्रेक ने श्रीलंका की रीढ़ तोड़ दी जिससे मेहमान टीम पहले वनडे में महज 171 रन पर सिमट गई।

### मेजबानों पर लगातार दूसरी सीरीज गंवाने का खतरा

श्रीलंकाई टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान अटापट्टू अपने बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करें। हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा और निलाक्षी डि सिल्वा ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उन्हें भागीदारियां निभाने की जरूरत है। गेंदबाजी में बायें हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा ने चमकदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें अपनी साथियों से मदद की दरकार होगी। श्रीलंकाई टीम पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला हार गई थी और वह इस प्रारूप में लगातार दूसरी श्रृंखला हारने से बचना चाहेगी।

# बेन स्टोक्स के दो कैच छूटे

## फिर बुमराह ने लपका हैरान करने वाला कैच, शार्दुल ने लिया बदला



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में पांचवां टेस्ट खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन रविवार (तीन जुलाई) को इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो ने टीम को तीसरे दिन अच्छी शुरुआत दी। स्टोक्स का साथ उनकी किस्मत ने भी दिया। 10 गेंद के अंतराल में उनके दो कैच छूटे, लेकिन जल्द ही उनकी किस्मत रूठ भी गई। जसप्रीत बुमराह ने एक शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। दरअसल, तीसरे दिन शुरुआती कुछ ओवरों में परेशानी झेलने के बाद बेयरस्टो और स्टोक्स ने काउंटर अटैक शुरू कर दिया। बेयरस्टो ने 81 गेंद पर अर्धशतक लगा दिया। उन्होंने शुरुआती 64 गेंद पर सिर्फ 16 रन बनाए। अगले 34 रन बेयरस्टो ने सिर्फ 17 गेंद बना लिए और अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उन्हें देखकर स्टोक्स भी तेजी से रन बनाना चाह रहे थे। 36वें ओवर में मोहम्मद शमी गेंदबाजी करने आए। स्टोक्स 26 गेंद पर 18 रन बनाकर नाबाद थे। शमी की पहली ही गेंद पर वह छक्का मारना चाहते थे, लेकिन गेंद हवा ज्यादा ऊपर की ओर चली गई। ऐसा लगा कि इंग्लिश कप्तान को अब पवेलियन लौटना होगा, लेकिन शार्दुल ने आसान कैच छोड़ दिया। उसके बाद 38वें ओवर में शार्दुल गेंदबाजी कर रहे थे। चौथी गेंद पर मिड ऑफ में जसप्रीत बुमराह ने स्टोक्स का आसान कैच छोड़ दिया। स्टोक्स के दो कैच छूट चूके थे। ऐसा लग रहा था कि किस्मत टीम इंडिया के साथ नहीं है। इंग्लिश कप्तान ने 35 गेंद पर 25 रन बना लिए थे। शार्दुल के ओवर की पांचवीं गेंद पर स्टोक्स ने फिर से मिड ऑफ की ओर शॉट खेला। इस बार बुमराह सुपरमैन बन गए। उन्होंने बाई ओर डाइव लगाकर हवा में शानदार कैच लपका। शार्दुल ने स्टोक्स का पहला कैच छोड़ा था और उन्होंने विकेट भी लिया। इस तरह भारतीय गेंदबाज ने अपना बदला पूरा कर लिया। स्टोक्स पहले कैच के छूटने से लेकर आउट होने तक 10 गेंद ही खेल पाए। इतनें में उनकी किस्मत अच्छी से खराब हो गई। भारत को बड़ी सफलता मिल गई। टीम इंडिया ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में तीसरे दिन लंच तक छह विकेट पर 200 रन बना लिए। वह भारत से 216 रन पीछे है।

# इशारे में कहा- अपना मुंह बंद रख

## जॉनी बेयरस्टो से मैदान पर भिड़े विराट कोहली




**बर्मिंघम(एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में पांचवां टेस्ट खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन रविवार (तीन जुलाई) को विराट कोहली एक्शन में नजर आए। वह मैदान पर इंग्लिश बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो से भिड़ गए। दोनों के बीच जबरदस्त बहस देखने को मिली। कोहली ने उन्हें इशारों में मुंह बंद रखने के लिए कहा। बेयरस्टो विराट के आक्रामक अंदाज से नाराज दिखे। यह वाकया 32वें ओवर में देखने को मिला। मोहम्मद शमी गेंदबाजी कर रहे थे। शमी की गेंदों पर बेयरस्टो परेशानी में दिखाई दे रहे थे। कोहली ने स्लिप में खड़े थे। उन्होंने वहां से स्लेजिंग शुरू कर दी। शुभमन गिल भी कोहली का साथ दे रहे थे। विराट ने कहा- जॉनी बेयरस्टो मैदान पर गेंद को छोड़कर सबकुछ देख सकते हैं। कोहली की इस बात पर बेयरस्टो भड़क गए। उन्होंने विराट को मुंह बंद रखने का इशार किया तो मामला बढ़ गया। कोहली उनके पास पहुंच गए। दोनों के बीच बहस होने लगी। इसी बीच, अंपायर ने वहां पहुंचकर मामले को शांत कराया। कोहली ने स्लिप की ओर जाते-जाते मुंह अंगुली रखकर बेयरस्टो को अपना मुंह बंद रखने का इशारा कर दिया। कोहली ने इसके अलावा बेयरस्टो को टिम साउदी का नाम लेकर चिढ़ाया। दरअसल, पारी के 14वें ओवर में मोहम्मद शमी गेंदबाजी कर रहे थे। शमी की गेंद बेयरस्टो ठीक से नहीं खेल पा रहे थे। इस पर विराट ने कहा- साउदी से थोड़ा ज्यादा तेज है न। टीम इंडिया के कप्तान बुमराह जरूर हैं, लेकिन मैदान पर कोहली छाए हुए हैं। बुमराह को फील्डिंग के दौरान कई बार मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में कोहली उनकी मदद के लिए आगे जाते थे। बुमराह खुद कई बार कोहली के पास जाकर चर्चा करते हुए नजर आए। बॉलिंग चेंज से लेकर फील्डिंग सेट करने तक कोहली सलाह देते दिखाई दिए। इसके अलावा टीम हर्डल में खिलाड़ियों को समझाते हुए भी दिखाई दिए। यह मुकाबला पिछले साल आयोजित हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा है। 2021 के अगस्त-सितंबर में टीम इंडिया इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही थी। तब पांचवां मुकाबला कोरोनावायरस के कारण आयोजित नहीं हो सका था। पांच मैचों की सरीज में भारत 2-1 से आगे है।

# आज कोर्ट में पेश होंगी कंगना

## ऋतिक को लेकर विक्रम वेधा के मेकर्स ने दिया बयान



**मुंबई (एजेंसी)।** मनोरंजन जगत में हर समय किसी-न-किसी फिल्म, वेब सीरीज या रियलिटी शोज से जुड़ा अपडेट आता रहता है। लेकिन हर समय फोन पर इन अपडेट्स को पढ़ पाना संभव नहीं। इसलिए अमर उजाला आपके लिए %एंटरटेनमेंट लाइव ब्लॉग% लेकर आया है। यहां आप किसी भी समय मनोरंजन जगत की ताजा खबरें पढ़ सकते हैं।

### आने वाली है एक और रीमेक फिल्म

यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 के बाद, अभिनेता-निर्देशक-निर्माता अजय देवगन फिल्म %भोला% को निर्देशित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि तमिल फिल्म कैथी की इस रीमेक में तब्बू और अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### क्या सच में ऋतिक के कारण बढ़ा था विक्रम वेधा का बजट?

विक्रम वेधा के मेकर्स ने सारी खबरों को महज अफवाह बताते हुए कहा, %शूटिंग स्थानों को लेकर बहुत-सी भ्रामक और पूरी तरह से निराधार खबरें देखने को मिल रही हैं। हम यह स्पष्ट रूप से बताना चाहते हैं कि %विक्रम वेधा% की शूटिंग लखनऊ सहित भारत के विभिन्न जगहों पर बड़े पैमाने पर हुई है। फिल्म का एक हिस्सा संयुक्त अरब अमीरात में अक्टूबर-नवंबर 2021 में शूट किया गया था क्योंकि यह एकमात्र स्थान था जहां बायो-बबल के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध था। हमने संयुक्त अरब अमीरात में शूटिंग करने का निणय स्वास्थ्य और प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लिया था।

### मेकर्स ने जारी किया क्लेरिफिकेशन

आज कोर्ट में पेश होंगी कंगना, ऋतिक को लेकर %विक्रम वेधा% के मेकर्स ने दिया बयान

आज, जावेद अख्तर मानहानि केस की सुनवाई के लिए कंगना मुंबई के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश होंगी। बता दें कि 2020 में जावेद अख्तर ने कंगना रणौत के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें जावेद अख्तर ने यह दावा किया है कि एक साक्षात्कार के दौरान कंगना ने उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया था, जिसकी वजह से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

# महाराजा अग्रसेन वार्ड में तुम तो... ठहरे परेदशी.. साथ क्या निभाआगे..

## कमलेश-जतिन के लिए सिरदर्द बने समर्थ तिवारी

**जबलपुर, यशभारत। महाराजा अग्रसेन वार्ड में चुनावी समीकरण बदलते दिख रहे है। कांग्रेस के जतिनराज और भाजपा के पार्षद प्रत्याशी कमलेश अग्रवाल के लिए निर्दलीय प्रत्याशी समर्थ तिवारी सिरदर्द बन गए हैं। भाजपा के बागी समर्थ तिवारी ने आखिरी दिन पूरी ताकत से जनसंपर्क शुरू कर दिया है।**



महाराजा अग्रसेन वार्ड चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है एक और जहां भाजपा की ओर से कमलेश अग्रवाल चुनाव लड़ रहे हैं तो कांग्रेस ने जतिन राज को मौका दिया है लेकिन भाजपा के बागी प्रत्याशी समर्थ तिवारी ने पूरा खेल बिगाड़ कर रख दिया है पूरी चुनाव की धुरी बाहरी और भीतरी प्रत्याशी पर आकर टिक गई है। समर्थ तिवारी दोनों ही पार्टी के दावेदारों को बाहरी बता रहे हैं जानकारी के मुताबिक समर्थ तिवारी पिछली बार भाजपा की टिकट से लंबी जीत दर्ज कर पार्षद बने थे जिसके चलते उनके निर्दलीय चुनाव लड़ने से दोनों ही प्रत्याशियों के समीकरण बिगड़ गए हैं।

### तुम तो... ठहरे परेदशी.. साथ क्या निभाआगे....

महाराजा अग्रसेन वार्ड में इस समय तुम तो... ठहरे परेदशी.. साथ क्या निभाआगे... गाना ही सुनाई दे रहा है। इस गाने के माध्यम से बागी प्रत्याशी के समर्थक बताना चाह रहे हैं कि वार्ड में बाहरी प्रत्याशियों को कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे प्रत्याशियों को जिताने से क्या फायदा है। बहरहाल वार्ड में चुनावी समीकरण जो भी बना हो लेकिन यह तो वोटरों को तय करना है कि वह अपने वार्ड की जिम्मेदारी किसे देते हैं। कल प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटी में बंद हो जाएगा।

## मंत्री के चक्कर में राज्यसभा सांसद का अपमान

# सांसद बोली एसडीएम ने प्रोटोकाल का पालन नहीं कराया

**जबलपुर, यशभारत।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक के अपमान मामले में सागर के प्रशासनिक अधिकारियों की गलती सामने आई है। इस पर सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने यशभारत से चर्चा करते हुए बोली कि इस तरह से अपमान करना शोभा नहीं देता है। सागर जिले की एसडीएम सपना त्रिपाठी को मालूम होने के बाबजूद उन्होंने मेरा सामान किसी दूसरे कमरे में फिकवा दिया। इधर चर्चा है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के चक्कर में सांसद का सामान दूसरे कमरे में रखवाया गया था।

### कांग्रेस ने कहा ऐसा सत्कार कौन करता है

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी महापौर चुनाव के प्रभारी सुरेंद्र सुहाने ने कहा कि जबलपुर से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि को नगर निगम चुनाव में प्रचार के लिए भाजपा द्वारा सागर बुलाया गया था। इसके लिए उन्हें शासकीय सत्कार के साथ सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 3 में रुकवाया गया था। भाजपा प्रत्याशी के प्रचार से वापस लौटने पर उनकी बिना जानकारी या अनुमति के उनका सामान जिसमें कपड़े भी थे उन्हें पुरुष द्वारा उठाकर दूसरे कमरे में फेंक दिया गया। जिसके बाद वह कमरा प्रदेश सरकार के एक बड़े मंत्री को दे दिया गया।

### कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा सोची समझी साजिश



कांग्रेस नेताओं ने अपने आरोप में कहा है कि भाजपा और इसकी सरकार वोटों की राजनीति के तहत अनुसूचित जाति वर्ग और महिलाओं का उपयोग करने के बाद उनका इसी तरह घोर अपमान करती है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते वाल्मीकि समाज की अनुसूचित जाति वर्ग की महिला नेत्री का वोटों के सौदागरों द्वारा किया गया यह अपमान संपूर्ण समाज के लिए बर्दाश्त से बाहर है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने आशंका व्यक्त की है कि सोची समझी साजिश के तहत किए गए इस अपमान पर केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार न्याय नहीं दे सकती हैं। इसीलिए सवोज़्च्च संवैधानिक पद पर बैठे अनुसूचित जाति वगज़् के सबसे बड़े प्रतिनिधि महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तथा प्रदेश की महिला राज्यपाल से जबलपुर सांसद सावित्री वाल्मीकि को न्याय प्रदान करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कायज़्वाही कर सम्पूणज़् अनुसूचित जाति व महिला वगज़् का अपमान करने संबंधी प्रकरण दजज़् किया जाए।




# कांग्रेस ने रैली निकालकर दिखाया दम

## दोपहर बाद भाजपा दिखाएगी ताकत

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी प्रत्याशियों ने प्रचार में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है कांग्रेस और भाजपा द्वारा महापौर पद के प्रत्याशियों और पार्षद पद के प्रत्याशियों के समथज़्न में रैलियां निकाली जा रही हैं कांग्रेस प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू के समर्थन में राज्यसभा सांसद विवेक तंखा व विधायक तरुण भनोत विनय सक्सेना लखन घोरिया,संजय यादव के नेतृत्व में रैली निकाली गई। जिस ने शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कायज़्कताज़् मौजूद रहे। रैली के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा जनता से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई महापौर प्रत्याशी की रैली के अलावा सभी 79 वार्ड से कांग्रेस के प्रत्याशियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में रैली निकालकर चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। आज का दिन और रात दोनों प्रत्याशियों के लिए जनसपंर्क की आखिरी है। दिन में कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ने वाहन रैली निकालकर जहां दम दिखाया तो वहीं दोपहर बाद भाजपा भी रैली निकालकर ताकत दिखाएगी।

# सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करने पर महिला जेल प्रहरी निलंबित : फेसबुक में किया वायरल

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर में पदस्थ महिला जेल प्रहरी को वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करना महंगा पड़ गया। दरअसल प्रहरी ने खुली जेल का वीडियो फेसबुक में डाला था, जिसके बाद सिविल सेवा आचरण के तहत केंद्रीय जेल अधीक्षक ने महिला जेल प्रहरी रूपाली दुबे को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उनकी पोस्टिंग सिहोरा जेल में रहेगी। जेल प्रशासन ने उनके छोटे बच्चे को दृष्टि में रखते हुए खुली जेल जबलपुर में ड्यूटी लगाई थी। ड्यूटी के समय उन्होंने खुली जेल का वीडियो मोबाइल से बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।



वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया, लिहाजा जेल प्रहरी रूपाली दुबे को मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में मानते हुए निलंबित कर दिया गया।

### खुली जेल का वीडियो बनाया

खुली जेल केंद्रीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अंदर का एक हिस्सा है जहां पर की सजा के दौरान अच्छे आचरण करने वाले कैदियों को उनके परिवार के साथ रखा जाता है। खुली जेल में प्रहरी रूपाली दुबे की ड्यूटी लगाई गई थी जहां पर कि उन्होंने खुली जेल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया था।



## श्रीमती संगीता नामदेव का निधन

**जबलपुर।** गढ़ाफाटक निवासी श्रीमती संगीता नामदेव का निधन हो गया है। वे कांग्रेस नेता समाजसेवी मनोज नामदेव की धर्मपत्नी एवं गौरव नामदेव, शिखा नामदेव की मां थीं । अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ जिसमें सभी वर्गों के लोगबड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघात) | उच्च रक्तचाप | घबराहट व धड़कन बढ़ना
सीने में दर्द व भारीपन | बी.पी.का बढ़ना या घटना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

माँ शक्ति
एक्वा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

अब मुम्बई का मजा जबलपुर में
Sea WoRlD
A Fantastic Water World
SEA WORLD WATERPARK HOTEL
Contact us : Gram Tewar, Bhedaghat Road Jabalpur (M.P.), 9977005949,9993093354, 8085453573

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
पताः- 1933, प्रेम मंदिर के पास राइट टाउन, जबलपुर, संपर्क सूत्रः-7049079825, 9300920067

मेकिंग चार्जेस पर पाएं 25% Discount
लकी ड्रॉ
TWO WHEELER
100% EXCHANGE On Hallmark Jewellery
आसान किस्तों में ज्वेलरी खरीदें
होलसेल एवं रिटेल विक्रेता
अरिहंत ज्वेलर्स
गोल्ड | डायमंड | सिल्वर
789, होटल समदड़िया इन, रसल चौक,जबलपुर - 8878730000

AFFILIATED TO CBSE
ATAL LAB
GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
SEPARATE HOSTAL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
ADMISSION OPEN
NURSERY TO CLASS- 12th
FREE BOOKS & UNIFORM FOR NEW ADMISSION
Raingwa, Karmeta, Patan Road Jabalpur- 9300119919,9300154300

Admission Open 2022-23
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD-2004
Dr. Vijaykant Tiwari (Director)
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर (English & Hindi Medium)
चुने यही स्कूल क्योंकि यहाँ से-
स्पेशल डिस्काउन्ट का अंतिम सप्ताह
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पीछे, अधारताल, मो: 0761-4020761, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध

महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
नन्दवन्दन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Estd.2006
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
M.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
P.B.B.Sc.(N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
G.N.M. 3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
B.Sc.(N) 4 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
A.N.M. 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079, 9200007079

मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )